हरिभूमि
बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, शनिवार 26 अप्रैल 2025
बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया

**तापमान**
अधिकतम 43.4 डिग्री
न्यूनतम 25.4 डिग्री



तपती धूप और झुलसाती गर्म हवाओं से लोगों परेशान हो गए। शुक्रवार को बिलासपुर का अधिकतम तापमान 43.4 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया।

## खबर संक्षेप

### हरदेवलाल भगवती मंदिर परिसर में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर कल

**बिलासपुर।** गायत्री शक्तिपीठ और हरदेवलाल भगवती मंदिर के सौजन्य से 27 अप्रैल को सुबह 8 बजे से 10 बजे तक निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर हरदेवलाल मां भगवती मंदिर प्रांगण गोल बाजार में लगेगा। इसमें डा. शुभाशीष महतो, डा. आलोक सुल्तानिया, डा. महेन्द्र प्रसाद सामल, डा. गीता विश्वकर्मा, डा. प्रियंका नेताम, डा. मोनिका पाठक अपनी सेवाएं देंगी।

### गायत्री शक्तिपीठ विनोबा नगर में जिला स्तरीय बैठक कल

**बिलासपुर।** गायत्री शक्तिपीठ विनोबा नगर में 27 अप्रैल को सुबह 10 बजे जिला स्तरीय होगी। जिसमें सभी ट्रस्टीगण गायत्री शक्तिपीठ एवं प्रज्ञापीठ, समस्त प्रकोष्ठ के सदस्य, ब्लाक समन्वय समिति के सदस्य, समस्त मंडल एवं गायत्री परिवार के सदस्य शामिल होंगे। बैठक में नंदिनी पाटनवार ने बताया कि अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा मनाया जा रहा माता भगवती देवी शर्मा की जन्मशताब्दी एवं दिव्य अखंड दीप शताब्दी समारोह 2026 की सफलता के लिए समस्त विश्व के कल्याण के लिए सामूहिक जप साधना की जिला स्तरीय पर दिन तय करने, अपनी आत्मिक उन्नति एवं जीव जगत रक्षा के लिए 40 दिवसीय साधक तैयार करने पर चर्चा होगी। इसी तरह अखंड ज्योति प्रकाट्य शताब्दी रथयात्रा रुट तैयार करने, गृहे गृहे यज्ञ बुद्ध पूर्णिमा 12 मई की रुपरेखा तय करने, विचार क्रांति अभियान को जन जन तक पहुंचाने विचार गोष्ठी होगी।

### निःशुल्क फिजियोथेरेपी एवं दंत चिकित्सा शिविर 1 मई से 3 तक

**बिलासपुर।** हड्डी, मासपेशियां, नसों एवं दांतों से संबंधित सभी प्रकार की बीमारियों का इलाज कराने के उद्देश्य से अभा वैश्य कसौंधन महासभा गुप्ता समाज दवारा निःशुल्क फिजियोथेरेपी एवं दंत चिकित्सा शिविर का आयोजन 1 मई से किया जा रहा है। कसौंधन महासभा के जिला अध्यक्ष रमेश गुप्ता ने बताया की शिविर सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे एवं शाम 6 बजे से रात 7 बजे तक रखा गया है। उक्त शिविर 3 दिनों का है। शिविर में डॉ प्रशांत चक्रवर्ती, डॉ कोमल बिरदा, दंत चिकित्सक अपनी सेवाएं देंगे। फ़िज़ियोथेरेपी शिविर डॉ प्रशांत चक्रवर्ती फिजियोथेरेपी और पेन क्लिनिक एल -1 विनोबा नगर मेन रोड गायत्री मंदिर के पास और राजकिशोर नगर बजरंग चौक केनरा बैंक के पास फिजियोडेंट क्लिनिक में रखा गया। दंत चिकित्सा शिविर फिजियोडेंट फिजियोथेरेपी एंड डेंटल क्लिनिक बजरंग चौक राजकिशोर नगर केनरा बैंक के पास रखा गया है।

### स्टंट करते बाइकर्स ने वकील के साथ की मारपीट, जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** शुक्रवार की सुबह स्टंटबाजों ने सैर पर निकलने वकील के साथ मारपीट की, जिसकी रिपोर्ट सिटी कोतवाली थाने में दर्ज कराई गई है। मामले के अनुसार रिव्यर व्यू निवासी अभिषेक अग्रवाल पिता कल्लू लाल अग्रवाल पेशे से वकील हैं। शुक्रवार की सुबह वे अपने दोस्त नवीन साहू के साथ वॉक कर रहे थे। सुबह 6 बजे कुछ बाइकर्स रिवर व्यू पर स्टंट कर रहे थे। अभिषेक व उनके दोस्त नवीन ने बुलेट क्रमांक सीजी 10 4437 के चालक को मना किया। इस पर बाइक चालक ने अपने साथियों के साथ मिलकर दोनों के साथ गाली गलौज और मारपीट की। घटना के बाद वकील ने कोतवाली पहुंचकर मामले में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस मामले में आरोपियों की तलाश कर रही है।

# इंदू चौक से मगरपारा चौक, एक किमी की सड़क पार करने में लग रहा 20 मिनट, दोनों तरफ दुकान वालों का कब्जा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

इंदू चौक से मगरपारा चौक तक कब्जा हटाते हुए सड़क को 40 फीट से अधिक चौड़ा किया गया था। इसके आगे अग्रसेन चौक तक की सड़क 30 फीट की थी, लेकिन अब पिछले कुछ दिनों से इस पर कब्जा होता जा रहा है। गाड़ियां मुख्य सड़कों पर ही खड़ी हो रही हैं तो दुकानों के सामान बाहर बिखरे रहते हैं। इससे सड़क 20 फिट तक सिमट गई है, जिसके कारण अक्सर जाम की स्थिति रहती है। खास कर शाम को तो यहां से निकलना मुश्किल हो जाता है। मुश्किल से एक किमी की इस सड़क को पार करने में 20 मिनट से अधिक का समय लग रहा है। यही नहीं इन सड़कों की बीच में लगाए गए डिवाइडर में लगे ग्रील को काटकर चोर ले गए हैं। सड़कों के किनारे जो बिजली के खंभे लगे हैं उसके केबल जमीन तक झूल रहे हैं, जो कि काफी खतरनाक है। हादसों को आमंत्रित करते हुए यह केबल किसी दिन बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकते हैं।

- गाड़ियां मुख्य सड़कों पर ही खड़ी हो रही हैं तो दुकानों के सामान बाहर बिखरे रहते हैं



### डिवाइडर के बीच में लगाए गए ग्रिल चोरी

इंदू चौक से मगरपारा चौक तक की सड़क को दो भागों में बांटकर बीच में डिवाइडर लगाया गया है। इसमें लोहे के ग्रिल नगर निगम द्वारा लगाए गए थे। अब यह ग्रिल चोरी कर लिए गए हैं। चोरों ने ग्रिल को काटकर टेढ़ा कर दिया है। निगम ने इस मामले में फिलहाल कोई कार्रवाई नहीं की है। हालांकि पुलिस ने इस मामले में पिछले दिनों कबाड़ियों को जरूर हिदायत दी थी कि सड़क सुरक्षा में लगे डिवाइडरों के अलावा अन्य किसी सरकारी सामग्रियों की चोरी या खरीद बिक्री नहीं की जाए। अगर किसी को भी ऐसा करते हुए पकड़ा गया, तो उनके खिलाफ निश्चित तौर पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

गौरतलब है कि यातायात के दबाव के मद्देनजर पुलिस और नगर निगम के अधिकारियों ने मगरपारा चौक का आईलैण्ड 5 साल पहले हटा दिया था। इसके बाद इस सड़क को इंदू चौक तक चौड़ा किया गया था, तब शहर को लिंक रोड के बगल से एक बाइपास सड़क मिली थी। अग्रसेन चौक तक जाने के लिए इस सड़क का लोग उपयोग भी कर रहे थे। समय बीतने के साथ इस सड़क पर भी कब्जा होने लग गया। दरअसल सड़क के दोनों तरफ बड़ी-बड़ी दुकानें, शो रूम और कुछ आफिस भी हैं। आफिसों के पास तो फिर भी अपनी पार्किंग हैं, लेकिन दुकानदार अपने वाहन सड़क पर ही खड़ा कर रहे हैं। इंदू चौक की तरफ से गुजरने पर बाईं और दायीं ओर खास तौर पर बड़ी-बड़ी गाड़ियां खड़ी रहती हैं। इन दुकानों में सामान लेने वाले लोग भी अपने वाहन मुख्य सड़क पर खड़ा कर रहें। इस कारण सड़क की चौड़ाई आधी रह गई हैं। रोजाना इधर से गुजरने वालों को जाम का सामना करना पड़ता है। यही नहीं पुराने बस स्टैंड से आने वाली बसें और दूसरे वाहन भी जब इस सड़क से पार होते हैं तो सिंगल बाइक तक का निकलना मुश्किल हो जाता है।

### मगरपारा चौक में आटो वालों का मजमा

इसके साथ ही मगरपारा चौक से दिन भर में बड़ी संख्या में बसें गुजरती हैं। ऐसे में चौक पर पल-पल जाम की स्थिति निर्मित होती है। चौक के आसपास के स्थान को रिक्शा और ऑटो चालकों ने स्टैण्ड बना लिया है। इस कारण यहां से बसों और चार पहिया वाहनों के गुजरते के साथ स्थिति खराब हो जाती है। चौक पर सिग्नल भी लगा दिया गया है जो कि अक्सर खराब ही रहता है। चौक पर यातायात व्यवस्थित करने ट्रैफिक पुलिस का एक भी जवान तैनात नहीं रहता। इस सड़क पर कुछ अस्पतालें भी हैं। यहां आने वाले मरीज उनके परिजनों के साथ ही डाक्टर और उनके स्टाफों की बड़ी संख्या में गाड़ियां बीच सड़क पर खड़े रहते हैं। रही कसर मरीजों के परिजन पूरी कर देते हैं, जो अस्पताल के अंदर वाहन पार्क न करके सड़क किनारे गाड़ी लगाकर निकल जाते हैं। ऐसे में आम लोगों का इस सड़क से गुजरना दूभर होता जा रहा है।

### दुकान वालों ने खोल लिया है गैरेज

इंदू चौक से मगरपारा चौक तक दोनों तरफ 10 से अधिक दुकानें आटो पार्ट्स वालों की है, जिनके कारण अधिक समस्या हो रही है। इन आटो पार्ट्स वालों ने बगल में गैरेज भी खोल रखा है। सामान देने के साथ ही गाड़ी मरम्मत करने लग जाते हैं। मरम्मत के लिए पहुंची गाड़ियां मुख्य सड़क पर खड़ी होती हैं। यहां किसी भी दुकान के पास ना तो गैरेज के लिए जगह है और ना ही पार्किंग ही बनाई गईं हैं। इस कारण गाड़ियां सड़क पर रखकर रिपेयर जाती हैं। इसमें समय लगने के कारण भी जाम की समस्या हो रही है, लेकिन देखने वाला कोई नहीं है। कुछ फर्नीचर और दूसरे दुकानों वालों के सामान भी सड़क पर रखकर बेचे जा रहे हैं। कुछ स्थानीय निवासियों ने इस बारे में निगम और पुलिस से शिकायत भी की थी, लेकिन सुनवाई नहीं हुई।

### एनएसएस कैंप में नमाज पढ़ाने का मामला

# सेंट्रल विवि के सामने संगठनों का प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शुक्रवार को सामाजिक धार्मिक संगठनों द्वारा सनातन विरोधी गतिविधियों के विरोध में सेंट्रल यूनिवर्सिटी के सामने धरना प्रदर्शन किया गया। यूनिवर्सिटी प्रबंधन की ओर से अधिकारियों का एक प्रतिनिधिमंडल धरना स्थल पहुंचकर प्रदर्शनकारियों से चर्चा की और उन्हें यूनिवर्सिटी की ओर से अब तक की गई कार्रवाई से अवगत कराया।

सामाजिक धार्मिक संगठनों द्वारा गुरू घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी के एनएसएस कैंप में विद्यार्थियों से नमाज पढ़ाए जाने के मामले को लेकर धरना प्रदर्शन की घोषणा पहले ही कर दी गई थी, इसलिए आज सुबह करीब 9 बजे से ही सेंट्रल यूनिवर्सिटी मेनगेट पर सुरक्षा के पुख्ता इंतेजाम किए गए थे और बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा। यूनिवर्सिटी के अधिकारी से लेकर शिक्षक भी मेनगेट के पास तैनात रहे। धरना प्रदर्शन के लिए यूनिवर्सिटी मेनगेट के पास ही खाली जगह पर पंडाल लगाया गया, जहां पर एनएसएस कैंप में नमाज वाली घटना को सनातन, देश विरोधी गतिविधि बताते हुए वक्ताओं ने अपनी-अपनी बातें रखीं। धरना प्रदर्शन सुबह करीब दस बजे से दोपहर करीब एक बजे तक चला और आखिरी में पहलगाम की आतंकी घटना में मारे गए लोगों को धरना स्थल पर श्रद्धाजंलि दी गई। इसके पूर्व यूनिवर्सिटी प्रबंधन की ओर से छात्र कल्याण अधिष्ठाता सहित अधिकारियों का एक प्रतिनिधिमंडल धरना स्थल पहुंचकर धरना प्रदर्शन कर रहे लोगों से बातचीत की और उन्हें यूनिवर्सिटी की ओर से एनएसएस कैंप नमाज मामले में जांच बिठाए जाने तथा एनएसएस समन्वयक दिलीप झा को निलंबित किए जाने की कार्रवाई से अवगत कराया। यूनिवर्सिटी के प्रतिनिधिमंडल को सख्त लहजे में चेताया गया कि एनएसएस कैंप के संयोजक प्रो. दिलीप झा सहित अन्य षडयंत्रकारियों के विरूद्ध यूनिवर्सिटी प्रशासन अविलंब कठोर कार्रवाई करते हुए उन्हें बर्खास्त करें।

### वक्ताओं ने दी उग्र आंदोलन की चेतावनी

धरना प्रदर्शन में विश्व हिन्दू परिषद, हिन्दू जागरण मंच, धर्म जागरण समन्वय, वंदे मातरम मित्र मंडल सहित सामाजिक सांस्कृतिक संगठनों के प्रतिनिधि, सदस्य शामिल हुए। धरना प्रदर्शन के दौरान वक्ताओं ने इस घटना की घोर निंदा की। सभी ने इस प्रकार की घटनाओं के विरूद्ध कठोर कार्रवाई की मांग की। साथ ही उग्र आंदोलन की चेतावनी दी। धरना में मुख्य वक्ता के रूप में अखिल भारतीय संत समाज के छत्तीसगढ़ प्रांत के अध्यक्ष महंत सर्वेश्वर दास महराज सहित महंत मदन मोहन शरण, वंदे मातरम मित्र मंडल के प्रदेश संयोजक महेन्द्र जैन, डॉ. ललित माखीजा, ब्रजेन्द्र शुक्ला, विश्व हिन्दू परिषद के जिला अध्यक्ष सौमित्र गुप्ता, एसएन तिवारी, पूर्व विधायक चन्द्रप्रकाश बाजपेई, संदीप गुप्ता, डॉ. जेठू साहू, क्षमता सिंह, राजीव अग्रवाल, अनमोल झा, यश कुमार मनहर, राजेश तिवारी, राम सिंह, अंकुश सिंह, लोकेशधर दीवान आदि ने अपने विचार प्रकट किए।

# एयू का घेराव करने पहुंचे एनएसयूआई के छात्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अटल बिहारी वाजपेयी यूनिवर्सिटी में एनएसयूआई से जुड़े छात्र शुक्रवार को घेराव करने पहुंचे थे। इसमें बड़ी संख्या में यूनिवर्सिटी यूटीडी के छात्र शामिल थे। एनएसयूआई ने यूनिवर्सिटी परिसर में राजनैतिक कार्यक्रम कराने का आरोप लगाया, वहीं छात्रों ने अपनी समस्याओं को रजिस्ट्रार के समक्ष रखा।

अटल यूनिवर्सिटी के यूटीडी में पढ़ने वाले एनएसयूआई से जुड़े छात्र आज यूनिवर्सिटी के प्रशासनिक भवन घेराव करने पहुंचे थे। छात्रों का कहना है कि प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने के बाद यूनिवर्सिटी परिसर में राजनीतिक बैठक जयंती के रूप में चल रही है। इसमें प्रबंधन के लोग भी शामिल थे। पूर्व में भी एनएसयूआई ने इसका विरोध किया था, जिसके बाद प्रशासन ने संज्ञान में लेकर यूनिवर्सिटी को चेतावनी दी थी। प्रदेश सचिव का कहना है कि यूनिवर्सिटी छात्रहित का कार्य छोड़ राजनैतिक पार्टियों को यूनिवर्सिटी परिसर में संरक्षण देने का काम कर रही है। वर्ष 2021 में लागू की गई प्रक्रिया अभी तक कागजों में ही लागू हुई है। ऐसे छात्रहित से जुड़े दर्जनों विषयों को यूनिवर्सिटी प्रबंधन को अवगत कराते हुए चेतावनी दी गई है कि अगर आज के बाद कोई राजनैतिक बैठक हुई तो एनएसयूआई चरणबद्ध आंदोलन करेगी। एनएसयूआई के छात्रों का हल्ला सुनकर रजिस्ट्रार शैलेन्द्र दुबे उनसे ज्ञापन लेने पहुंचे, किन्तु छात्रों ने उनके आफिस में उनसे चर्चा करने की बात कही। इसके बाद रजिस्ट्रार श्री दुबे के आफिस में छात्रों ने छात्रहितों से संबंधित समस्याएं एवं मांगों को रखा। इस अवसर पर अवनीत पांडे, शुभम जायसवाल, अक्षत मिश्रा, संदीप गवेल, प्रदीप गवेल सहित यूटीडी के छात्र-छात्राएं शामिल थे।

- यूनिवर्सिटी पर लगाया राजनैतिक कार्यक्रम का आरोप



# अटल आवास के नाम पर धोखाधड़ी, पूर्व पार्षद पर जुर्म

**बिलासपुर।** राजकिशोर नगर में बने अटल आवास का मकान दिलाने के नाम पर प्रार्थी से 60 हजार रूपए लेने व इसके एवज में फर्जी रसीद देने के के मामले में वार्ड नंबर 50 के पूर्व पार्षद अमित सिंह के खिलाफ सरकंडा पुलिस ने धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर लिया है।

अटल आवास दिलाने के पर कई लोगों से धोखाधड़ी करने के मामले में श्याम नगर लिंगियाडीह निवासी प्रार्थी चम्पा बाई सारथी पति गणेश सारथी उम्र 45 वर्ष ने एक साल पहले सरकंडा थाने में शिकायत की थी। जिसमें बताया गया था कि पूर्व पार्षद अमित सिंह वार्ड नंबर 50 छेदी लाल बेरिस्टर नगर वार्ड के कुछ लोगों के साथ धोखाधड़ी कर चुका है। आरोपी पार्षद पीएम आवास, महावीर सिटी राजकिशोर नगर के लिए प्रार्थी से 60 हजार रूपए ले चुका है। वहीं प्रार्थी द्वारा मकान की मांग करने पर अमित सिंह ने उन्हें फर्जी रसीद थमा दी। संदेह होने पर प्रार्थी ने नगर निगम कार्यालय में पतासाजी की तब पता चला कि यह रसीद फर्जी है। इसके बाद भी आरोपी पार्षद उसे पैसे देने को घुमाता रहा और धमकी देता रहा। इस बात की शिकायत प्रार्थी ने थाने में की थी।

- एक साल बाद पुलिस ने किया जुर्म दर्ज
- आरोपी पार्षद कई लोगों के साथ कर चुका है फरेब

### फर्जी तरीके से दे दी आवास की चाबी

प्रार्थी द्वारा आवास के लिए दबाव बनाने पर आरोपी अमित सिंह ने कार्यालय नगर निगम के रसीद में अपर आयुक्त के हस्ताक्षर से श्रीमती चम्पा बाई पति योगेश शास्त्री नाम का एक आई कार्ड भी कर दिया, जबकि प्रार्थिया के पति का नाम गणेश सारथी है। इस दौरान उसे बी/04 की दो चाबी भी आरोपी द्वारा दी गई।

### इन लोगों के साथ कर चुका है ठगी

पुलिस की जांच में यह बात सामने आ चुकी है कि पूर्व पार्षद ने कई अन्य लोग के साथ ही भी आवास और दुकान के नाम पर ठगी की गई है। जिसमें रामगोपाल कश्यप,आयुषी सिंह,रूपेश कुमार सिंह,रामबाई साहू ,प्रिति राठौर,मधु राठौर के नाम शामिल है। आरोपी द्वारा फर्जी रसीद छपवाकर प्रधानमंत्री आवास योजना एवं अटल आवास योजना के तहत धोखाधड़ी की गई है।

# नाबालिग का अपहरण, युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नाबालिग को बहला फुसलाकर घर से भगाने के मामले में सरकंडा पुलिस ने युवक को गिरफ्तार किया है। युवक पर पाक्सो एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

मामले के अनुसार प्रार्थी ने सरकंडा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी, जिसमें उसने कहा था कि उसकी 16 साल की नाबालिग बेटी को अज्ञात व्यक्ति द्वारा अपहरण कर लिया गया है। पुलिस ने मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए विवेचना शुरू की। इस दौरान पता चला कि आरोपी ने अपहरण कर नाबालिग लड़की को तारबहार क्षेत्र के एक मकान में रखा है। मामले में पुलिस ने भूकंप अटल आवास में रहने वाला राजकुमार यादव को संदिग्ध होने पर पकड़ा और पूछताछ की। इस दौरान टीआई निलेश कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में टीम तैयार कर अपहृत बालिका को राजकुमार यादव के साथ तारबहार क्षेत्र के एक मकान में बरामद कर लिया गया है। नाबालिग लड़की ने बताया कि राजकुमार यादव के शादी का झांसा देकर बहला फुसलाकर अपने साथ लेकर गया था, और उसके साथ जबरिया शारीरिक संबंध बनाया है। पीड़िता के कथन पर आरोपी के खिलाफ पॉक्सो एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया गया है।

# हाईकोर्ट ने कहा - अनुकंपा नियुक्ति देने का उद्देश्य परिवार को अचानक वित्तीय संकट से उबारना है, रोजगार देना नहीं

### पति की मौत के बाद पत्नी द्वारा दायर याचिका खारिज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने एक महिला की याचिका खारिज कर दी, जिसने अपने पति की मृत्यु के बाद इस आधार पर अनुकंपा नियुक्ति की मांग की थी कि परिवार की आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं है और परिवार का कमाने वाला सदस्य उसका भरण-पोषण करने में असमर्थ है। मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा और न्यायमूर्ति अरविंद कुमार वर्मा की खंडपीठ ने कहा कि योजना में यह सही रूप से ध्यान में रखा गया है कि अनुकंपा नियुक्ति देने का उद्देश्य केवल परिवार को अचानक वित्तीय संकट से उबारना है। परिवार के किसी सदस्य के लिए रोजगार की मांग करने के लिए नहीं।

अपीलकर्ता के पति पंजाब नेशनल बैंक में दफ्तरी के रूप में काम करते थे। उनकी मृत्यु के बाद अपीलकर्ता पत्नी ने संबंधित प्राधिकारी के समक्ष अनुकंपा नियुक्ति की मांग की, जिसे इस आधार पर खारिज कर दिया गया कि परिवार आर्थिक रूप से स्थिर था और वे निर्धन नहीं थे। व्यथित होकर, अपीलकर्ता मृतक की पत्नी और बेटे ने एक रिट याचिका दायर की, जिसे एकल न्यायाधीश ने 6 मार्च, 2024 को यह कहते हुए खारिज कर दिया कि अपीलकर्ता वित्तीय संकट का सामना नहीं कर रहे हैं। इसके खिलाफ डिवीजन बेंच के समक्ष अपील दायर की गई थी।



### वित्तीय संकट के दौरान परिवार की सहायता करना

याचिका में पत्नी का कहना था कि उसका छोटा बेटा सरकारी नौकरी के बावजूद परिवार को वित्तीय मदद देने में असमर्थ था। जिससे अपीलकर्ता के पास पारिवारिक पेंशन और कृषि आय को शामिल करने और टर्मिनल बकाया पर बैंक ब्याज काटने के बाद केवल 15,573 रुपए की मासिक पारिवारिक पेंशन बची। यह भी तर्क दिया गया कि प्रत्येक बैंक में कर्मचारी की सेवानिवृत्ति के बाद या सेवा अवधि के दौरान मृत्यु होने पर उसकी आश्रित पत्नी को किसी प्रकार की पारिवारिक पेंशन प्राप्त करने का प्रावधान है। न्यायालय ने दोहराया कि अनुकंपा नियुक्ति, सामान्य नियम का अपवाद होने के कारण, केवल उचित परिस्थितियों और परिस्थितियों में ही दी जानी चाहिए। न्यायालय ने माना कि अनुकंपा नियुक्ति का उद्देश्य कमाने वाले सदस्य की मृत्यु के कारण उत्पन्न वित्तीय संकट के दौरान परिवार की सहायता करना है। इस आधार पर रिट अपील को खारिज कर दिया गया।




प्रात हो की रात हो, संग हो ना साथ हो
सूर्य से बढ़े चलो, चंद्र से बढ़े चलो, वीर तुम बढ़े चलो, धीर तुम बढ़े चलो,
मान. अटल श्रीवास्तव जी
विधायक-कोटा विधानसभा
को जन्मदिन की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
विनीत : समस्त कार्यकर्ता ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बेलगहना

25 APRIL- BSP-PG-4_Layout 1 4/26/2025 1:00 AM Page 1



## खबर संक्षेप

### भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी ने कलेक्टर अवनीश को दी विदाई



**बिलासपुर।** भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी जिला शाखा द्वारा कलेक्टर एवं अध्यक्ष भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी जिला शाखा अवनीश शरण को मंथन सभा कक्ष में विदाई दी। सचिव रेडक्रॉस डॉ प्रमोद तिवारी ने कलेक्टर के कार्यकाल पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर डॉ बी एल गोयल, प्रमोद शर्मा,डॉ अनिल गुप्ता, सुरेंद्र गुंबर, अरुण चौहान, जफ़र अली, डॉ राजीव अवस्थी, डॉ बीपी सिंह, मुकुल शर्मा, ब्रजेन्द्र शुक्ला, श्रीकांत सहारे, डॉ एम ए जीवनी, डॉ लखन सिंह, अर्चना पाण्डेय, आदित्य पाण्डेय, लक्ष्मीनारायण मिश्रा, मनीष मिश्रा, सुशील राजपूत आदि उपस्थित रहे।

### एसएसपी ने हैण्डबॉल और वॉलीबॉल खेल कर की समर कैम्प की शुरुआत



**बिलासपुर।** पुलिस द्वारा चेतना - अतुलनीय बिलासपुर, सुरक्षित बिलासपुर अभियान के अंतर्गत आओ संवारे कल अपना नामक समर कैंप का शुभारंभ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह के नेतृत्व में पुलिस लाइन में किया गया। इसका उद्देश्य बच्चों को गर्मियों की छुट्टियों में खेल, कला और अनुशासित जीवनशैली से जोड़ना है ताकि वे मोबाइल, नशे और अन्य बुरी आदतों से दूर रहकर मानसिक व शारीरिक रूप से सशक्त बन सकें। पुलिस विभाग द्वारा 25 अप्रैल से 1 जून तक समर कैंप का आयोजन पुलिस लाइन में किया जा रहा है। शुक्रवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह ने बच्चों के साथ हैण्डबॉल और वॉलीबॉल खेलकर समर कैंप की शुरुआत की। एएसपी ग्रामीण अर्चना झा ने धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में बिलासपुर जिले के सभी चेतना मित्र, समाजसेवियों उपस्थित थे। इस दौरान एएसपी शहर राजेन्द्र जायसवाल, डीएसपी लाइन मंजुलता केरकेट्टा, बिल्हा एसडीओपी अनीता मिंज, सिविल लाइन सीएसपी निमितेश सिंह, सरकंडा सीएसपी सिद्धार्थ बघेल, डीएसपी रोशन आहूजा, रक्षित निरीक्षक भूपेंद्र गुप्ता, सरकंडा टीआई नीलेश पांडेय, तारबाहर टीआई कृष्णचंद सिदार एवं अन्य पुलिस अधिकारी व लगभग 250 बच्चे व अभिभावक उपस्थित रहे। इस पहल की सभी अभिभावकों, नागरिकों और बच्चों ने सराहना की और कार्यक्रम को बच्चों के उज्जवल भविष्य की दिशा में एक सशक्त कदम बताया।

### केंवट समाज जाली लगरा गद्दी बिलासपुर परिक्षेत्र की महासभा 3 को

**बिलासपुर।** केंवट समाज जाली लगरा गद्दी बिलासपुर परिक्षेत्र में 3 मई शनिवार को वार्षिक महासभा का आयोजन घी कुंड तालाब मोपका में किया जाएगा । जिसमें समाज के प्रतिभावान विद्यार्थियों को सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता के माध्यम से पुरस्कृत किया जाएगा। इस वार्षिक महासभा में नशा मुक्ति, महिलाओं व जनप्रतिनिधियों का सम्मान, शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए विशेष चर्चा और संगोष्ठी होगी। समाज के विवाहित पति पत्नी को काउंसिलिंग के माध्यम से परिवार में एक साथ कैसे रहना है संदेश दिया जाएगा।

### अपोलो प्रबंधन के खिलाफ कांग्रेस ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



**बिलासपुर।** फर्जी डॉक्टर नरेंद्र विक्रमादित्य यादव एवं अपोलो प्रबन्धन के खिलाफ हत्या की धारा के तहत एफआईआर करने एवं दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग को लेकर गुरुवार को शहर अध्यक्ष विजय पांडेय के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधि मंडल में शहर अध्यक्ष विजय पांडेय, प्रदेश संयुक्त महामंत्री देवेंद्र सिंह, राजेन्द्र साहू,राकेश शर्मा ऋषि पांडेय,समीर अहमद, शिबली मेराज,संध्या तिवारी महेश दुबे, सिद्धांशु मिश्रा, जगदीश कौशिक,शेरू असलम,जावेद मेमन,विनोद साहू,शेख असलम,रामशंकर बघेल,वीरेंद्र सारथी,दिनेश सूर्यवँशी,किशन पटेल,पवन साहू,नीलेश,तरुण यादव आदि शामिल थे। कांग्रेस कमेटी की मांग पर कार्रवाई नहीं करने पर 2 मई को जलि कांग्रेस कमेटी द्वारा अपोलो से नेहरू चौक तक स्वास्थ्य न्याय यात्रा निकाली जाएगी। नेहरू चौक में आम सभा की जाएगी। जिसमे कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व शामिल होगा।

### लेखा प्रशिक्षण के लिए आवेदन 1 से 31 मई तक आमंत्रित

**बिलासपुर।** जिले के सभी शासकीय कार्यालयों के लिपिक वर्ग के कर्मचारियों का नियमित लेखा प्रशिक्षण सत्र जुलाई 2025 से अक्टूबर 2025 तक शासकीय लेखा प्रशिक्षण शाला बिलासपुर में आयोजित किया जाएगा। बिलासपुर संभाग के सभी शासकीय कार्यालय प्रमुखों से तीन वर्ष की नियमित सेवा पूरी कर चुके लिपिक वर्गीय कर्मचारियों को जुलाई 2025 से अक्टूबर 2025 तक लेखा प्रशिक्षण सत्र के लिए आवेदन पत्र शासकीय लेखा प्रशिक्षण शाला न्यू कम्पोजिट बिल्डिंग, तृतीय तल बिलासपुर में भेजना होगा। आवेदन पत्र 1 मई 2025 से 31 मई 2025 तक भेजना होगा।

### डीईओ ने अनुकम्पा नियुक्ति के पूर्व मंगाई दावा-आपत्ति

**बिलासपुर।** डीईओ ने अनुकम्पा नियुक्ति के लिए प्राप्त आवेदनों की छानबीन के क्रम में तीन दिवस के भीतर दावा आपत्ति मंगाई है। 2 आवेदकों ने अनुकम्पा नियुक्ति के लिए आवेदन किया है। डीईओ ने बताया कि ब्लाक कोटा के शापूमाशा करवा में शिक्षकके पद पर कार्यरत स्व. राजेन्द्र कुमार पाण्डेय के पुत्र गौरीश पाण्डेय एवं विखं तखतपुर के शाप्राशा भौवाकांपा में प्रधान पाठक के पद पर कार्यरत स्व. उमेश कुमार सूर्यवंशी की पत्नी चमेली बाई सूर्यवंशी ने अनुकम्पा नियुक्ति के लिए आवेदन दिया है। आश्रित परिवारों में यदि कोई सदस्य राज्य अथवा केन्द्र की शासकीय सेवा में कार्यरत है, पुरानी कम्पोजिट बिल्डिंग डीईओ के पास भेज सकते हैं।

---

**स्टाफ की भारी कमी से जूझ रहा संपरीक्षा विभाग** | वर्षों से रिक्त 22 पदों पर कोई नियुक्ति नहीं, 17 पद अकेले असिस्टेंट ऑडिटर के

# सेटअप में 56 पदों की स्वीकृति, पर पोस्टिंग सिर्फ 34 की

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

राज्य संपरीक्षा विभाग में स्टाफ की भारी कमी से आडिट संबंधी कार्यों में काफी व्यवधान हो रहा है। स्थिति तो यहां तक है कि संपरीक्षा विभाग में स्टाफ की कमी के चलते अनेक विभागों में बीते कई वित्तीय वर्षों का आडिट नहीं किया जा सका है। विभाग में शासन स्तर पर 56 अधिकारी-कर्मचारियों का सेटअप स्वीकृत किया गया है, लेकिन इसके विरूद्ध पोस्टिंग सिर्फ 34 की ही की गई है। विभाग में कर्मचारियों व अधिकारियों के मिलाकर करीब 22 पद रिक्त हैं, जिनमें सर्वाधिक 17 पद असिस्टेंट ऑडिटर के हैं। विभागों के अपव्यय पर आडिट के माध्यम से अनुशासन का डंडा चलाने वाला संपरीक्षा विभाग स्टाफ की भारी कमी से जूझ रहा है। स्टाफ की इस कमी के कारण कई बड़े विभागों में बीते कई वित्तीय वर्षों से आडिट नहीं हो सका। संपरीक्षा विभाग पर उन निकायों का आडिट करने का दायित्व है, जो शासन से अनुदान प्राप्त करते हैं। इसके अंतर्गत नगरीय निकायों, जिनमें नगर निगम, नगर पालिका व नगर पंचायत शामिल हैं। इसी तरह सभी पंचायतों जिनमें जिला पंचायत, जनपद पंचायत व ग्राम पंचायतें शामिल हैं। इसके अलावा मंडी बोर्ड एवं सभी विश्वविद्यालयों का भी आडिट करने का जिम्मा इसी विभाग के पास है। विभागीय सूत्रों के अनुसार शासन द्वारा अब हाऊसिंग बोर्ड का आडिट करने की जिम्मेदारी भी संपरीक्षा विभाग को ही सौंपी है। ज्ञात हो कि हाऊसिंग बोर्ड में भी बीते तीन वित्तीय वर्षों से आडिट नहीं हो सका था।

■ बीते कई वर्षों से प्रभावित हो रहा है आडिट कार्य

शासन द्वारा संपरीक्षा विभाग को अनुदान प्राप्त निकायों में आडिट करने की जिम्मेदारी तो दी गई है, लेकिन स्टाफ उपलब्ध नहीं कराया गया है। यहां के लिए स्वीकृत 56 में से सिर्फ 34 पदों पर ही नियुक्ति की गई है।

विभाग के लिए सबसे बड़ी परेशानी की बात तब हो जाती है जब यहां पदस्थ 34 कर्मचारियों व अधिकारियों को भी चुनावों में व्यय लेखा व उड़नदस्ता के लिए लंबे समय तक संलग्न कर लिया जाता है। ऐसी स्थिति में विभाग के अपने काम में व्यवधान हो जाता है।

#### कामकाज हो रहा प्रभावित

विभाग में स्टाफ की बेहद कमी है, जिसका प्रभाव कामकाज पर पड़ रहा है। इस संबंध में शासन को अवगत कराया जा चुका है। असिस्टेंट ऑडिटर के ही सत्रह पद रिक्त हैं। इन पदों पर पोस्टिंग हो जाने से कार्य में काफी गति आ जाएगी।

**-सौदागर सिंह ताण्डेय,** संयुक्त संचालक राज्य संपरीक्षा विभाग

---

जगह-जगह कैंडल जलाकर दी गई श्रद्धांजलि, कार्रवाई की मांग

# पहलगाम हमले को लेकर विरोध प्रदर्शन जारी, लोगों ने की निंदा






### अग्रवाल समाज ने निकाला कैंडल मार्च

**बिलासपुर** अग्रवाल समाज द्वारा पहलगाम में निर्दोष सैलानियों पर हुए आतंकी हमले के विरोध में मौन कैंडल मार्च निकाला गया। यह मौन यात्रा पुराना बस स्टैंड से शुरू होकर सीएमडी चौक तक पहुंची। अग्रवाल समाज के सैकड़ों लोगों ने कैंडल जला कर अपनी मौन श्रद्धांजलि दी। चौक पर पहुंचकर सारे कैंडल को लगा दिया गया और 2 मिनट का मौन रखकर मृतकों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। इस मौन यात्रा में बिलासपुर अग्रवाल सभा के अध्यक्ष रामअवतार अग्रवाल, सचिव विनोद मित्तल, अग्रवाल नवयुवक समिति के अध्यक्ष आलोक चौधरी, सचिव कपिल टिबड़ेवाल, अमित अग्रवाल, पुलकित अग्रवाल, शिव अग्रवाल, राजू केडिया, ओम मोदी,राजुल जाजोदिया, मनीष अग्रवाल, उमेश मुरारका, अग्रवाल महिला समिति की अध्यक्षा रंजना अग्रवाल, सचिव वंदना जाजोदिया ने हमले की कड़ी निंदा की।

### राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री व राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन

नगर के सामाजिक-धार्मिक संगठनों ने जम्मू कश्मीर के पहलगाम हमले पर आक्रोश व्यक्त कर मारे गए लोगों के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की है। जिलाध्यक्ष की अनुपस्थिति में तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में प्रधानमंत्री से नृशंस हत्या करने वालों के साथ आतंकवाद को पालने पोसने वाले पाकिस्तान को सबक सिखाने छत्तीसगढ़ सहित बिलासपुर में अनाधिकृत रूप से रह रहे रोहिंग्या एवं बांग्लादेशियों को चिह्नित कर वापस भेजने की मांग की। ज्ञापन देने वालों में सौमित्र गुप्ता, महेंद्र जैन, ललित मखीजा, भृगु अवस्थी, धनंजय गोस्वामी, प्रवीण भट्ट, यश मनहर, बृजेंद्र शुक्ला, प्रफुल्ल मिश्रा, सौमित्र गुप्ता, पार्थो मुखर्जी संदीप गुप्ता, राजेश तिवारी, सौरभ दुबे, महेंद्र सोनी, क्षमा सिंह, पूर्णिमा पिल्लै, यशी जैन,दिलीप विनोदिया, नित्यानंद अग्रवाल, अनिल कुमार सिंह, रामकुमार सोनी, श्रीनिवास राव, एस के भोई, आर के मिश्रा थे।



### कोटा विधायक अटल नहीं मनाएंगे जन्मदिन



कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव 26 अप्रैल को अपना जन्मदिन नहीं मनाएंगे। समर्थकों एवं स्नेहीजनों के साथ प्रतिवर्ष जन्मदिन मनाते रहे हैं। इस वर्ष कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुई आतंकी घटना में निर्दोष नागरिकों के मारे जाने पर दुख के कारण जन्मदिन नहीं मनाने का निर्णय लिया है। श्री श्रीवास्तव ने अपने मित्रो स्नेहीजनो से अपील की है कि कोई आयोजन प्रयोजन इस अवसर पर न करें, आप सब का स्नेह हमेशा मेरे उपर बना रहा है। श्री श्रीवास्तव 26 अप्रैल को बिलासपुर में उपस्थित नहीं रहेंगे।

### चर्च ऑफ़ क्राइस्ट स्पर्श टीम ने की निंदा

पहलगाम हमले में आतंकवादियों द्वारा मारे गए निर्दोष लोगों के प्रति चर्च ऑफ़ क्राइस्ट, यूथ फ़ोर्स, यूथ फेलोशिप और स्पर्श की टीम ने श्रद्धांजलि अर्पित की है। साथ में हम प्रार्थना करते है प्रभु यीशु के नाम से की हर एक वो परिवार जिनके लोग मारे गए हैं उन परिवारों में शांति रहे और आतंकवाद समूल नष्ट होने होने की प्रार्थना की।

### हमले के विरोध में चौकसे कालेजेस का पोस्टर मार्च आज

चौकसे ग्रुप ऑफ कॉलेजेस द्वारा पहलगाम में पर्यटकों पर हुए नृशंस आतंकी हमले के विरोध में पोस्टर मार्च 26 अप्रैल को शाम 5.30 बजे कोन्हेर गार्डन, नेहरू चौक से शुरू होकर कंपनी गार्डन तक निकाली जाएगी। इस आतंकी हमले से उपजे दुख और आक्रोश को व्यक्त करने तथा देश के साथ एकजुटता दिखाने चौकसे ग्रुप ऑफ कॉलेजेस सभी नागरिकों से इस पोस्टर मार्च में शामिल होने की अपील की है।





### विश्वविद्यालय ने मृतकों को दी श्रद्धांजलि

पहलगाम के विरोध में विश्वविद्यालय में श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो प्रदीप कुमार घोष ने कहा कि ऐसी घटनाएं आदर्श सामाजिक ताने-बाने को तोड़ने के लिए की जाती है। लेकिन हमें इस सामाजिक आदर्श रूप में बने रहना है। कुल सचिव डॉ अरविंद तिवारी ने कहा कि भावी पीढ़ी को मनोबल मजबूत रखते हुए इस का जवाब देने के लिए तैयार रहना होगा। विश्वविद्यालय परिवार ने सभी मृतक लोगों के प्रति संवेदना व्यक्त की। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के प्राध्यापक, अधिकारी, कर्मचारी, एनसीसी, एनएसएस के कैडेट्स, स्काउट गाइड के कैडेट्स एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी मौजूद थे।

### मृतकों को शोक संवेदना व्यक्त की गई

पहलगाम की घटना को लेकर तालापारा फैजाने गरीब नवाज, नूरानी मस्जिद, सरकंडा मस्जिदों में आतंकी हमले में घायल व मृत जनों व उनके परिवार के लिए संवेदना व्यक्त की गई। उक्त घटना के लिए आतंकवादी संगठन वा पाकिस्तान के खिलाफ सख्त नाराजगी व्यक्त की गई। भारत सरकार से सख्त कार्रवाई और पाकिस्तान को सबक सिखाने के लिए सख्त कदम उठाने की अपील की गई। सरकंडा दरगाह में सालाना उर्स के मौके पर चादरपोशी के बाद भारत वर्ष के लोगों के लिए अमन चैन की दुआए मांगी। मरने वालो के परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की गई।

---

जिले के सर्वाधिक मजदूरों को मिल रहा पीएम आवास में रोजगार

# मनरेगा अंतर्गत 13 हजार मजदूर पीएम आवास में कर रहे काम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मनरेगा में वर्तमान में 18 हजार से अधिक मजदूर काम कर रहे हैं। इनमें भी 13 हजार मजदूर प्रधानमंत्री आवास निर्माण में कार्य कर रहे हैं। जिले में मनरेगा तहत सर्वाधिक मजदूरों को प्रधानमंत्री आवास में रोजगार मिल रहा है, जिसके वे स्वयं हितग्राही हैं।

मनरेगा में पुराने स्वीकृत काम ही वर्तमान में चल रहे हैं। जिले में मनरेगा अंतर्गत वर्तमान में 18 हजार 3 सौ मजदूर काम करने हैं। इसमें सबसे मजदूरों को रोजगार प्रधानमंत्री आवास योजना में मिल रहा है। प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना तहत हजारों की संख्या में ग्रामीणों के आवास स्वीकृत हुए हैं, उनमें से ज्यादतर लोगों ने आवास निर्माण शुरू करा दिया है। इनमें जिले के अलग-अलग ब्लॉकों के करीब 13 हजार लोग ऐसे हैं, जिनका आवास स्वीकृत होने के



बाद वे स्वयं भी अपने आवास में मनरेगा मजदूर के रूप में काम कर रहे हैं और मनरेगा से उन्हें मजदूरी भुगतान भी हो रहा है। इन ग्रामीणों को मनरेगा अंतर्गत 90 दिनों की मजदूरी भुगतान किया जा रहा है, जो 20 हजार से अधिक होता है। वहीं प्रधानमंत्री आवास योजना तहत इन हितग्राहियों को 1 लाख 20 हजार रुपए चार किश्तों मिलेगा। आवास के साथ अगर जिसका शौचालय निर्माण भी स्वीकृत हुआ है तो शौचालय की राशि 12 हजार और मिलेगा। इस तरह प्रधानमंत्री आवास के हितग्राही जो मनरेगा अंतर्गत आवास निर्माण में काम कर रहे हैं उन्हें आवास, मजदूरी और शौचालय के लिए राशि मिलाकर ठीकठाक राशि मिल जा रहा है। जिला पंचायत मनरेगा शाखा के अनुसार आवास योजना के हितग्राही मनरेगा तहत आवास निर्माण कार्य में हितग्राही स्वयं मजदूरी कर सकते हैं। बशर्ते वे ग्रामीण मनरेगा में मजदूर के रूप में पंजीकृत हो गए हों।

#### अन्य कार्यों में लगे हैं पांच हजार मजदूर

मनरेगा अंतर्गत जिले में 18 हजार से अधिक मजदूर कार्यरत हैं। उनमें से 13 हजार मजदूर तो प्रधानमंत्री आवास निर्माण कार्य में मजदूरी कर रहे हैं। इसके अलावा मनरेगा तहत जिले में तालाब गहरीकरण, डबरी निर्माण, आंगनबाड़ी भवन निर्माण, मुक्तिधाम शेड निर्माण आदि कार्य भी चल रहे हैं। ये सारे काम त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के पहले के स्वीकृत कार्य हैं। इन कार्यों में मनरेगा के लगभग पांच हजार मजदूर कार्य कर रहे हैं।

#### चल रहे हैं काम

मनरेगा अंतर्गत स्वीकृत काम चल रहे हैं। जिले में प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना अंतर्गत बड़ी संख्या में आवास स्वीकृत हुए हैं और आवास निर्माण कार्य जोरों पर चल रहा है। इसमें बड़ी संख्या में मनरेगा तहत मजदूर काम कर रहे हैं और उन्हें 90 दिनों के कार्य का मजदूरी भुगतान किया जा रहा है।

**-संदीप अग्रवाल,** सीईओ, जिला पंचायत

---



## कमिश्नर जैन ने संभागायुक्त कार्यालय का किया निरीक्षण

**बिलासपुर।** कमिश्नर सुनील जैन ने आज कोनी में बन रहे नए संभागायुक्त कार्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने भवन निर्माण कार्य पूर्ण करने के लिए तीन महीने की और मोहलत दी। उन्होंने कहा कि हर हाल में 1 अगस्त से संभागायुक्त कार्यालय का संचालन इस नए भवन से शुरू किया जाएगा। लगभग ढाई एकड़ के क्षेत्र में 12 करोड़ रुपए की लागत से नए भवन का निर्माण किया जा रहा है। निर्माण कार्य पूर्णता की ओर है। फिनिशिंग के कार्य तेजी से हो रहे हैं। कमिश्नर ने भवन के विभिन्न हिस्सों का सूक्ष्मता से अवलोकन किया और कुछ सुधार के निर्देश लोक निर्माण विभाग के अफसरों एवं ठेकेदार को दिए। श्री जैन ने निरीक्षण के दौरान कोर्ट रूम सहित अधिकारियों के चेम्बर, लाईब्रेरी, रिकार्ड रूम, गार्डन, बैठक कक्ष, लिफ्ट आदि का निरीक्षण किया। श्री जैन ने भवन के आस-पास के निर्माण कार्य एवं भूमि की जानकारी भी ली। इस अवसर पर डिप्टी कमिश्नर संतोष ठाकुर, स्मृति तिवारी, कांट्रेक्टर संजीवन तिवारी भी उपस्थित थे।



### बिजनेस प्लस

## ड्रीम होंडा को मिला हाईएस्ट वाहन मार्केट शेयर अवार्ड



**बिलासपुर।** होंडा मोटरसाइकिल एवं स्कूटर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड द्वारा कल रायपुर में आयोजित छत्तीसगढ़ डीलर मीट में वित्तीय वर्ष 2024 -25 में सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में ड्रीम होंडा महाराणा प्रताप चौक बिलासपुर को हाईएस्ट वाहन मार्केट शेयर प्राप्त करने के लिए अवार्ड दिया गया है।

इस अवार्ड को ड्रीम होंडा के डायरेक्टर करण जायसवाल ने ग्रहण किया। श्री जायसवाल ने इसे ड्रीम होंडा की पूरी टीम एवं अपने सह विक्रेताओं के अथक प्रयासों का फल बताया। उन्होंने बताया कि एचएमएसआई ने ड्रीम होंडा को बिलासपुर में होंडा की 300 सीसी से ऊपर की प्रीमियम बाइक होंडा बिग विंग डीलरशिप भी दिया है। जिसकी अब तक लगभग 12 से ज्यादा गाड़ियां बिक चुकी हैं।

होंडा के प्रीमियम बाइक्स में सीबी300 एफ, सीबी 350, हाइनेस सीबी 350 तथा सीबी 350 आरएस सभी रंगों एवं वैरिएंट्स में विक्रय के लिए ड्रीम होंडा में उपलब्ध है।

### एजुकेशन प्लस

## एवीएम सलाहकार मंडल की बैठक में संवाद आज

**बिलासपुर।** आधारशिला विद्या मंदिर न्यू सैनिक स्कूल में 26 अप्रैल को सुबह 10 बजे से आधारशिला विद्या मंदिर न्यू सैनिक स्कूल परिसर में शैक्षणिक कार्यक्रम का आयोजन करने जा रहा है। इसमें विद्यालय के सलाहकार मंडल की बैठक होगी। जिसमें शिक्षा के विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े प्रतिष्ठित सदस्य भाग लेंगे।



इस बैठक का उद्देश्य विद्यालय की शैक्षणिक नीतियों, शिक्षण प्रणाली और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास से संबंधित योजनाओं पर विचार-विमर्श करना है। विद्यालय का मानना है कि गुणवत्ता-युक्त, मूल्यों पर आधारित और व्यवहारिक शिक्षा ही वर्तमान समय की आवश्यकता है। इसे ध्यान में रखते हुए बैठक उपरांत सार्थक शिक्षा कैसे विषय पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। इस संवाद से शिक्षा के विविध पहलुओं जैसे नैतिकता, नेतृत्व कौशल, रचनात्मकता और सामाजिक ज़िम्मेदारी पर चर्चा की जाएगी।

सदस्य सलाहकार समिति में अटल श्रीवास्तव, ग्रुप कैप्टन श्रीनिवास, डॉ. सुप्रिया भारतीयन, रॉबिन पुष्प, डॉ. नमिता श्रीवास्तव, शिल्पी केडिया, रत्नेश सिंह, संजय मनोहर अयादे, डॉ. मंजू झा, सुनील जैन, डॉ. तरुण धर दीवान, विवेक जोगलेकर, राम कुमार तिवारी, भूमिका गिजारे, कर्नल हरीशचंद्र तिवारी, नम्रता शिंदे, ग्रुप कैप्टन वी.के वर्मा,डॉ कमलेश मौर्य, अभिषेक सुलतानिया, ममता बाला सुब्रह्मण्यम उपस्थित रहेंगे।

हरिभूमि लाइव

बिलासपुर, शनिवार 26 अप्रैल 2025

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255




कार्यक्रम

## डाक विभाग ने ढाई आखर स्पर्धा का किया आयोजन



**बिलासपुर।** भारतीय डाक विभाग द्वारा ढाई आखर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका परिणाम छत्तीसगढ़ डाक परिमंडल रायपुर द्वारा जारी किया गया। प्रतियोगिता में मुंगेली, सक्ती एवं कोरबा जिले के तीन प्रतिभागियों को अंतर्देशीय पत्र लेखन में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त होने पर बिलासपुर डाक विभाग के अधीक्षक विनय कुमार प्रसाद द्वारा प्रमाण पत्र एवं चेक प्रदान किया गया। अंतर्देशीय पत्र लेखन में 18 वर्ष से कम आयु वर्ग में कुमारी विधी मिश्रा निवासी मुंगेली, परिमंडल स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। उन्हें विभाग द्वारा प्रमाण पत्र तथा 25 हजार रूपये का चेक प्रदान किया गया। इसी वर्ग से कुमारी निधि चंद्रा विद्यार्थी पीएम जवाहर नवोदय विद्यालय चिस्दा जिला सक्ती को परिमंडल स्तर पर तृतीय स्थान प्राप्त हुआ, जिन्हें प्रमाण पत्र तथा 5 हजार रुपये का चेक डाक विभाग द्वारा प्रदान किया गया। इसी प्रकार अंतर्देशीय पत्र लेखन में 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में हेमंत सिंह कंवर ग्राम चारपारा कोहदिया कोरबा को परिमंडल स्तर पर द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ। इन्हें भी प्रमाण पत्र तथा 10 हजार रूपये का चेक प्रदान किया गया। भारतीय डाक विभाग के अधीक्षक ने सभी लोगों से आग्रह किया कि अधिक से अधिक डाक विभाग की योजनाओं, फिलाटेली एवं सेवाओं का लाभ प्राप्त करें।

भ्रमण

## छात्राओं ने कृषि कॉलेज का किया शैक्षणिक भ्रमण



**बिलासपुर।** शासकीय माता शबरी नवीन गर्ल्स पीजी कॉलेज की बीएससी एवं जीई की छात्राओं को बैरिस्टर ठाकुर छेदीलाल कृषि महाविद्यालय का शैक्षणिक दौरा करवाया गया। एस दौरे का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को आधुनिक कृषि तकनीकों से अवगत कराना था। इस दौरे के समन्वयक डॉ. दीपिका महोबिया एवं आनंद कुमार थे। प्राचार्य डॉ. के के भंडारी ने कहा कि आधुनिक कृषि तकनीकों और उपकरणों की जानकारी छात्राओं को कृषि क्षेत्र में करियर और स्वरोजगार की संभावनाओं से परिचित कराता है। कृषि महाविद्यालय के वैज्ञानिक एग्रोनॉमी डॉ. दिनेश पाण्डेय ने छात्राओं को कृषि महाविद्यालय में हो रहे प्रयोगों की विस्तार पूर्वक जानकारी प्रदान की। इस दौरान विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को आधुनिक प्रयोगशालाओं का भ्रमण कराया। साथ ही विशेषज्ञों ने उन्हें जैविक खेती, मशरूम खेती, वर्मी कंपोस्टिंग, प्लांट टिश्यू कल्चर, उन्नत बीजों के उत्पादन एवं मृदा परीक्षण के विषय में जानकारी दी। इस अवसर पर बैरिस्टर ठाकुर छेदीलाल कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. एनके चौरे ने छात्राओं को आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया और बताया कि वे किस प्रकार कृषि की आधुनिक तकनीकों एवं कृषि उत्पादों को अपनाकर सफल स्वरोजगार का सशक्त माध्यम बना सकती हैं।

समर कैंप

## श्री स्पेशल केयर में दिव्यांग बच्चों के लिए समर कैंप




**बिलासपुर।** राम मंदिर तिलक नगर के सामने स्थित श्री स्पेशल केयर सेंटर में इस वर्ष भी समर कैंप का आयोजन किया गया। यह कैंप विशेष रूप से दिव्यांग बच्चों की प्रतिभा को निखारने, उन्हें रचनात्मक गतिविधियों से जोड़ने तथा उनके सर्वांगीण विकास के उद्देश्य से संचालित किया गया। कैंप का शुभारंभ 2 अप्रैल को संस्था संस्थापिका डॉ सुजाता वाजपेई ने किया। डॉ बाजपेई ने बच्चों की विशेष आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए तैयार किए गए कार्यक्रम की सराहना की। अभिभावकों को सकारात्मक संवाद और सहयोग की प्रेरणा दी। संस्था की प्राचार्य शिवानी विठालकर ने बच्चों के लिए संगीत, कला, कहानी सत्र, योग एवं सामूहिक खेलों जैसी गतिविधियों का आयोजन किया। जिससे बच्चों में आत्मविश्वास और सामाजिक सहभागिता की भावना का विकास हुआ। कैंप में नृत्य एवं कला अमृता पराग द्वारा सिखाया गया। कैंप में 45 बच्चों ने भाग लिया। अंतिम दिन बच्चों को स्कूल की ओर से रिफ्रेशमेंट एवं सर्टिफिकेट प्रदान किया गया। इसमें शिक्षक उमेश नवरंग, चंचल शर्मा, विजयश्री सैमुअल, आरती साहू, पदमा शिवनकर, नीमा मानेश्वर, ज्योति साहू, रितु मिश्रा, लक्ष्मी लहरे, उषा एवं नंदिनी का विशेष सहयोग रहा। श्री स्पेशल केयर सेंटर की यह पहल केवल बच्चों के लिए एक यादगार अनुभव रही बल्कि एक प्रेरक कदम भी सिद्ध हुई।

छत्तीसगढ़ प्रांत सर्वसेन समाज के तत्वाधान में संभागीय श्रीवास समाज के नेतृत्व में संत शिरोमणि श्री श्री 1008 श्री सेन जी महाराज की 725वीं जयंती के अवसर पर विशाल शोभायात्रा एवं सामाजिक सम्मेलन का आयोजन प्रांत अध्यक्ष सर्वसेन समाज छत्तीसगढ़ त्रिलोक चंद श्रीवास के नेतृत्व में किया गया, गवर्नमेंट स्कूल मैदान से विशाल शोभायात्रा निकाली गई।

# सेन समाज ने निकाली भव्य शोभायात्रा

**बिलासपुर।** जिसमें सेन महाराज की झांकी, डीजे, धुमाल, कर्मा, पंथी सहित अनेक नर्तक दल सहित हजारों सेन बंधु एवं भगनी उपस्थित थे। जगह-जगह भोग-प्रसाद का भी वितरण किया गया। सर्वश्री सेन समाज की ओर से सेन महाराज की जयंती आस्था के साथ धूमधाम से मनाया गया। घर-घर पूजन के साथ ही विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम हुए और शोभायात्रा निकली। इसकी शुरुआत गांधी चौक से हुई। पहले सेन महाराज का पूजन किया गया। ज्वाली पुल, गोलबाजार, सीपत चौक, महामाया चौक, नेहरू चौक समेत पूरे शहर का भ्रमण करते हुए सेन महाराज के आदर्शों का प्रसार किया। शोभायात्रा मंगल चौक स्थित सामाजिक भवन में पहुंचकर पूर्ण हुई। भजनों के साथ आस्था की अलख जगती रही, और आतिशबाजी से उत्सव के रंग सजते रहे। जैसे-जैसे शोभायात्रा आगे बढ़ती गई। वैसे-वैसे लोगों की भी संख्या बढ़ती गई, इससे अपने गंत्वय तक पहुंचते-पहुंचते इसे भव्यता मिली। इसमें शामिल स्वजातीय बंधु भी एक जैसे परिधानों में सजकर शामिल हुए और सामाजिक एकता का परिचय देते रहे। मंगला चौक स्थित श्रीवास धर्मशाला में शोभायात्रा पूर्ण हुई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि नगर के विधायक एवं पूर्व मंत्री अमर अग्रवाल, अध्यक्षता प्रांत अध्यक्ष सर्वसेन समाज छत्तीसगढ़ त्रिलोक श्रीवास, विशिष्ट अतिथि के रूप में महापौर पूजा विधानी उपस्थित थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में मनोज श्रीवास, डॉ राजीव श्रीवास, विजय सेन,चित्रकांत श्रीवास, राजू श्रीवास, भाजपा शहर जिला अध्यक्ष दीपक सिंह, गोरेलाल श्रीवास, नारायण नरेडिया, नरोत्तम श्रीवास, विजय सेन,ओमप्रकाश श्रीवास, बलौदा धर्मेंद्र श्रीवास, अध्यक्ष सुरेंद्र श्रीवास, उपाध्यक्ष लक्ष्मी श्रीवास, सचिव चंद्रमणि श्रीवास, कोषाध्यक्ष संतोष श्रीवास, सह सचिव सुमित श्रीवास्तव,कोषाध्यक्ष बसंत श्रीवास, राजकुमार श्रीवास, बबलू श्रीवास सहित अन्य मौजूद थे।



### अमर ने 25 लाख के कार्यों की घोषणा

मुख्य अतिथि विधायक अमर अग्रवाल ने कहा कि वह एवं उनके स्वर्गीय पिताजी ने लगातार सेन समाज का हर सुख दुख में सहयोग किया है, जिसका सुखद परिणाम यह है कि उनको हमेशा सेन समाज का अधिकांशत समर्थन प्राप्त है। वह सेन समाज को अपना निजी प्रेमी समझ समझते हैं, समाज के हर सुख दुख के लिए वह कार्य करने हेतु तत्पर है। इस अवसर पर प्रांत अध्यक्ष एवं संभागीय अध्यक्ष की मांग पर बिलासपुर संभाग के लिए 25 लाख की घोषणा की है, जिसमें सेन मार्ग, चौक निर्माण हेतु सहमति, तथा कैस कला बोर्ड में बिलासपुर संभाग एवं सरगुजा बस्तर संभाग के प्रतिनिधि की बात के लिए प्रयास करने की घोषणा किया।

### सेन समाज का संगठन 33 जिलों में

त्रिलोक श्रीवास ने कहा कि सेन समाज आज पूरे प्रदेश में संगठित है, पहले जब वह आज से 10 साल पहले प्रदेश अध्यक्ष नहीं थे कि पूरे प्रदेश में 10 जगह भी सेन जयंती का आयोजन नहीं होता था, पूरे प्रदेश में विशाल रूप से 200 ज्यादा स्थान में सेन जाति का आयोजन होता है। उनके नेतृत्व में ही समाज के लोगों के मेहनत से पूरे प्रदेश में समाज का संगठन 33 जिलों में है। उनके नेतृत्व में पहली बार सरकार ने किसी एक जाति के लिए निगम बोर्ड का गठन किया था तो वह सेन समाज का केस कला बोर्ड था, उन्होंने दोनों प्रमुख राजनीतिक दलों से टिकट देने की मांग की थी भले उनकी पार्टी कांग्रेस ने उसे पर ध्यान नहीं दिया, लेकिन आज सुखद परिणाम यह है कि भाजपा से वैशाली नगर से सेन समाज के विधायक हैं।



निकाली गई भव्य शोभायात्रा

# सोलापुरी माता का नींबू मोगरे की माला से श्रृंगार

सोलापुरी माता पूजा समिति के रजत जयंती वर्ष पर शुक्रवार को संध्या 6 बजे लोको कॉलोनी स्थित त्रिपुर सुंदरी मरिमाई मंदिर से विशाल शोभायात्रा निकली गई। इससे पहले पुजारी पार्थ सारथी ने गीली हल्दी से माता की प्रतिमा का स्वरूप दिया, जिनका श्रृंगार नींबू, मोगरे की माला आदि से किया गया।

**बिलासपुर।** गाजेबाजे के साथ बाल पुजारी ने अपने शीश पर मां की प्रतिमा धारण कर शोभायात्रा की अगुवाई किया। शोभा यात्रा के स्वागत में रास्ते भर जल का छिड़काव कर सड़क की सफाई की गई और वस्त्र बिछा कर स्वागत किया। श्रद्धालुओं ने जगह-जगह रंगोली बनाकर व नीम की टहनियों के तोरण द्वार सजाकर माता के आगमन की खुशी प्रकट की। कई स्थानों पर शोभायात्रा के स्वागत में शरबत आदि का वितरण किया गया। पारंपरिक रूप से रास्ते भर श्रद्धालु सड़क पर लेट कर अपने ऊपर से देवी की प्रतिमा को गुजरते माता का आशीष लिया। विगत 25 वर्षों से बारह खोली में यह आयोजन किया जा रहा है। आयोजन समिति के अध्यक्ष वी रामा राव और सचिव एस सांई भास्कर ने बताया कि मां दुर्गा को अलग-अलग स्वरूपों में दक्षिण भारत और खड़कपुर में सोलापुरी माता के रूप में पूजा जाता है। इस अवसर पर सी नवीन कुमार, बी शंकरराव, एल श्रीनिवास, ई अप्पा राव , टी गिरिधर , डी वासु, बी श्रीनिवास , मोंटी करण, सी श्रीनिवास, जी काशी राव, आर रविशंकर, मुरली सूरी, रवि तेजा, प्रभाकर, एस श्रीनिवास, तुषार, डी श्रीनिवास वासु, टी दिवाकर, चंटी, ए रवि, बी सांई, पी चंद्र बाबू, जी काशीराव, हरीश, डॉक्टर एम एस राजू , ई लक्ष्मण राव, जी लोकेश राव, के शंकरराव, यश आदि उपस्थित रहे।



### इन क्षेत्रों से निकली यात्रा

शुक्रवार की शाम लोको कालोनी से शोभायात्रा निकाली गई, जो नयापारा चौक, अन्नपूर्णा कॉलोनी, हेमू नगर ओवर ब्रिज होते हुए विधानी चौक, कासिमपारा, एन ई कॉलोनी, कंट्रोल ब्लॉक, बंगला यार्ड, कंस्ट्रक्शन कॉलोनी, ए टाइप, वॉयरलैस कॉलोनी होते हुए देर रात को पूजा पंडाल पहुंचीं, जहां देवी की प्रतिमा स्थापित कर उनकी पूजा अर्चना की गई।

### आकर्षित सजावट भी हुई

रजत जयंती वर्ष में विशाल पंडाल का निर्माण किया गया है, जिसकी खास सजावट के लिए खड़कपुर से फूल और डेकोरेशन के लिए विशेष प्रकार की लाइट मंगाई गई है। पूरे क्षेत्र को बिजली से जगमग कर दिया गया है। इस आयोजन में सम्मिलित होने आसपास के अलावा खड़कपुर, आंध प्रदेश, दुर्ग, भिलाई, रायपुर आदि से भी भक्त पंडाल पहुंचते हैं। इस आयोजन की प्रतीक्षा श्रद्धालुओं को पूरे वर्ष भर रहता है।



# भविष्य पुराण व गो प्रतिष्ठा महायज्ञ के लिए भूमिपूजन

### शहर में पहली बार 28 मई से 5 जून तक होगा आयोजन

28 मई से 5 जून तक गोमाता राष्ट्रमाता प्रतिष्ठा महायज्ञ एवं भविष्य पुराण आरम्भ के पूर्व शुक्रवार को रामा वर्ल्ड में भूमि पूजन किया गया। शास्त्रीय विधि से मंत्रोच्चार कर गौधुली बेला के शुभमुहूर्त पर भूमि पूजन संपन्न हुआ।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

भूमि पूजन के मुख्य यजमान शंकराचार्य के शिष्य हरीश शाह एवं उनकी धर्मपत्नी को आचार्य मेघानंद शास्त्री ने विधि पूर्वक पूजन सम्पन्न कराया। पूजन में श्री शंकराचार्य आश्रम बोरियाकला रायपुर के दंडी स्वामी श्रीः डॉ इन्दुभवानंदः तीर्थ महाराज, दंडी स्वामी श्रीमज्ज्योतिर्मयानन्दः सरस्वती महाराज उपस्थित रहे। शहर का सौभाग्य है कि छत्तीसगढ में प्रथम बार भविष्य पुराण का आयोजन होगा। आयोजन के मुख्य यजमान हरीश शाह ने बताया यह हमारे प्रदेश के साथ साथ बिलासपुर के लिए बड़ी सौभाग्य है जहाँ गौप्रतिष्ठा महायज्ञ होना है। साथ ही शंकराचार्य स्वामीश्री अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती महाराज के श्रीमुख से भविष्य पुराण सुनने का सौभाग्य प्राप्त होगा। भूमि पूजन के अवसर पर सीएफओ मदन मोहन उपाध्याय, पीताम्बरा पीठ बिलासपुर के दिनेश जी महाराज, निखिल आश्रम के ब्रह्मचारी वासुदास निखिल बहतराई, तिलक नगर हनुमान मंदिर पुजारी छोटू महराज,गौ सेवक विपुल शर्मा,गोपाल ,गौरव तिवारी, विनोद उपाध्याय, राजेंद्र शुक्ला, अर्जुन तिवारी, हरिशंकर दुबे, आंनद अग्रवाल, सुभाष अग्रवाल, किशन बुधिया, हर्षवर्धन अग्रवाल, मनोज केडिया, बृजमोहन उपाध्याय, रंजीत सिंह, राजू चौबे, के कृष्ण कुमार सहित लोगों की उपस्थिति रही।



# गौ विज्ञान परीक्षा में शामिल छात्राओं को किया गया सम्मानित

गौ विज्ञान प्रांत स्तरीय तृतीय चरण की परीक्षा का आयोजन किया गया। जिसमें प्रत्येक जिले से कुल 294 बच्चे शामिल हुए थे। परीक्षा में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। साथ ही गौ सेवा संगम कार्यक्रम का आयोजन किया गया।




**बिलासपुर।** कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित गौ सेवा गतिविधि के अखिल भारतीय अधिकारी संयोजक अजित महापात्र ने कहा कि हमारा उद्देश्य नवीन पीढ़ी को शिक्षा के माध्यम से गौसेवा से जोड़ना हैं। विशिष्ट अतिथि बाल संरक्षण आयोग की डॉ. वर्णिका शर्मा, पूर्व बाल संरक्षण आयोग अध्यक्ष व गौ ग्रंथ संपादक शताब्दी पाण्डेय, गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष विशेषर सिंह पटेल ने गौ संरक्षण की नवीन योजनाओं की जानकारी प्रदान की। प्रांत संयोजक इरन्ना सपारे की उपस्थिति में प्रांत गौ विज्ञान परीक्षा प्रमुख सुबोध राठी कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। इस दौरान सभी विभाग प्रमुख और जिला प्रमुख उपस्थित रहे। जिला स्तर पर प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त प्रतिभागियों को 5100, 3100 व 1100 रुपए का पुरस्कार व गौमय किट दिया गया। प्रांत स्तरीय गौ विज्ञान परीक्षा में करीब एक हजार प्रतिभागी शामिल हुए। इस परीक्षा का परिणाम भी घोषित किया गया। साथ ही प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरित किया गया। कक्षाओं के अनुसार ए, बी व सी ग्रुप तीनों में क्रमशः प्रथम पुरस्कार 51 हजार, द्वितीय पुरस्कार 31 हजार, तृतीय पुरस्कार 21 हजार रुपए का चेक प्रदान किया। जिला के प्रभारी डॉ. अमित पाण्डेय ने बताया कि बिलासपुर से प्रांतीय परीक्षा के ग्रुप ए में हर्ष सिंह ब्रिलियंट पब्लिक स्कूल मिशन कैम्पस सरकंडा के छात्र ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर जिले को गौरवान्वित किया।

स्पोर्ट्स न्यूज

# पूर्व क्रिकेटर राजेश चौहान 28 को शहर में, फाउंडेशन के क्रिकेट मैदान में खिलाड़ियों को देंगे टिप्स

भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व खिलाड़ी राजेश चौहान का 28 अप्रैल को शहर आगमन हो रहा है। फाउंडेशन क्रिकेट एकेडमी खेल मैदान में वे ग्रीष्मकालीन पावर प्ले समर कैंप में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे खिलाड़ियों से मुलाकात करेंगे और नवोदित खिलाड़ियों को खेल के टिप्स भी बताएंगे। खेल भावना के साथ ही खिलाड़ियों के फिटनेस एवं खेल से जुड़े सवालों का जवाब भी राजेश चौहान देंगे। क्रिकेट के खिलाड़ियों का मार्गदर्शन करते हुए उन्हें क्रिकेट की बारिकी भी बताएंगे।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

फाउंडेशन क्रिकेट एकेडमी के चेयरमैन प्रिंस भाटिया ने बताया कि भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व क्रिकेटर राजेश चौहान यहां खेल मैदान में क्रिकेट के खिलाड़ियों को मार्गदर्शन करने उनका उत्साह बढ़ाने के लिए आ रहे हैं और 28 अप्रैल को शाम 4:00 बजे फाउंडेशन क्रिकेट खेल मैदान में खिलाड़ियों से रूबरू होंगे । एकेडमी के द्वारा उनका सम्मान भी किया जाएगा । जिसमें बिलासपुर जिले के खेल प्रेमियों को भी आमंत्रित किया गया है। फाउंडेशन क्रिकेट खेल मैदान में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे खिलाड़ियों के सवालों का जवाब भी पूर्व क्रिकेटर श्री चौहान के द्वारा दिया जाएगा।

इस अवसर पर खिलाड़ियों के अभिभावक तथा बिलासपुर जिले के क्रिकेट प्रेमी भी उपस्थित रहेंगे। फाउंडेशन क्रिकेट एकेडमी में पिछले 2016 से स्कूली बच्चों को नर्सरी लेवल पर क्रिकेट का प्रशिक्षण दिया जाता है तथा ग्रीष्मकालीन अवकाश में 50 दिनों तक समर कैंप के माध्यम से बिलासपुर के खिलाड़ियों को क्रिकेट के क्षेत्र में एक बड़ा प्लेटफार्म दिया जा रहा है। यहां से क्रिकेट का प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर आज शहर का नाम रोशन कर रहे हैं।

### फिटनेस पर देंगे टिप्स, खिलाड़ियों से सवाल जवाब भी होंगे



## खबर संक्षेप

### जमीन विवाद में बुआ ने भतीजे को पीटा

**बिलासपुर।** जमीन बंटवारे को लेकर बुआ ने अपने ही भतीजे के साथ गाली गलौज करते हुए पीट दिया। भतीजे ने बुआ के खिलाफ कोनी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। बिरकोना महामाया नगर निवासी कुनाल सक्सेना डीपी विप्र कालेज में पढ़ाई करता है। गुरूवार को वह अपने घर पर था, इस दौरान उसकी बुआ सीमा सरवन आई और जमीन के हिस्से के बंटवारे को लेकर गाली गलौज करने लगी। इस दौरान बुआ ने जान से मारने की धमकी देते हुए कुनाल का पीट दिया। युवक के चेहरे और हाथ में चोट लगी है, युवक ने घटना की शिकायत पुलिस से की है जिसपर जुर्म दर्ज कर लिया गया है।

### चाकू लहराने वाला युवक गिरफ्तार

**बिलासपुर।** सरकंडा क्षेत्र के मुक्तिधाम के आसपास चाकू दिखाकर लोगों को धमकाने वाले युवक को सरकंडा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामले के अनुसार पेट्रोलिंग पार्टी को मुखबीर से सूचना मिली थी कि मुक्तिधाम चौक के पास एक व्यक्ति धारदार चाकू लहराते हुए आने-जाने वाले डरा धमका रहा है। पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और घेराबंदी कर पुराना बसस्टैंड निवासी अनुराग कश्यप उर्फ केशव पिता मोहन कश्यप उम्र 19 वर्ष निवासी को गिरफ्तार कर लिया है।

### नशे में बाइक को किया आग के हवाले, गिरफ्तार

**बिलासपुर।** बहतराई के अटल आवास में रखे बाइक को आग के हवाले करने वाले आरोपियों को सरकंडा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। शराब पीने से मना करने पर युवकों ने घर के सामने रखी बाइकों में आग लगा दी थी। पुलिस के अनुसार निखिल आश्रम अटल आवास निवासी प्रार्थी अनिल दास मानिकपुरी पिता स्व. मोहनदास मानिकपुरी उम्र 30 वर्ष ने 22 अप्रैल को रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रात्रि में उसने घर के सामने रखे स्कूटी को रात्रि करीब 2.30 बजे किसी ने आग लगा दी थी। इस दौरान एक साथ कई वाहन जलकर राख हो गए थे। पुलिस ने मामले में विवेचना शुरू की और अटल आवास के अन्य ब्लाक में रहने वाले समीर महरोलिया एवं सन्नी निषाद को संदिग्ध मानकर पूछताछ शुरू की। इस दौरान आरोपी समीर महरोलिया बताया 21 अप्रैल की रात को सन्नी निषाद के साथ छत में शराब पीकर नीचे उतर रहा था, इस दौरान अनिल दास मानिकपुरी एवं उसकी पत्नि ऋतु श्रीवास्तव ने शराब पीने का विरोध किया था।

**शुक्रवार को फिर से मौके पर की गई नापजोख** | **30 फीट की सड़क 20 फीट की रह गई, लोगों में नाराजगी**

# प्लाट मिला ही नहीं और व्यापारियों को 10-10 लाख जमा करने निगम ने थमाया नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

व्यापार विहार में व्यापारियों की जमीन का विवाद खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। प्लाट को लेकर जहां रेलवे और निगम की टीम उलझी हुई है।

व्यापारियों को अभी तक प्लाट पूरी तरह आबंटित भी नहीं हो सका और अब निगम ने 10-10 लाख रुपए की बकाया राशि जमा करने का नोटिस भी जारी कर दिया है। इससे व्यापारी परेशान हैं। दूसरी ओर शुक्रवार को निगम और रेलवे की टीम फिर मौके पर पहुंची और सीमांकन किया गया। इसमें साफ हुआ कि 30 फिट की जो सड़क थी वह अब 20 फिट की रह गई है।


सीमांकन के दौरान उपस्थित रेलवे और नगर निगम के कर्मचारी।

व्यापारियों में इसे लेकर भी आक्रोश है। व्यापारियों ने इसे लेकर निगम अधिकारियों से बात की तो सीधे कह दिया गया कि प्लाट लेना है तो लो नहीं तो जमा राशि वापस कर दी जाएगी। व्यापारियों की मुश्किल यह है कि कुल 45 में से 35 लाख रुपए जमा किए जा चुके हैं। इस 35 लाख का ब्याज और ईएमआई पिछले 4 सालों से जमा कर रहे हैं। अब निगम से मूल राशि तो वापस ली जाती है तो व्यापारियों को काफी नुकसान हो सकता है। व्यापारी इस मामले में कोर्ट भी जा सकते हैं। ज्ञात हो कि सितंबर 2021 में व्यापार विहार में त्रिवेणी सभागार के पीछे खसरा नंबर 860/1, 30/1, 31/1, 34/1 में 12.50 बाई 30 और 20 बाई 50 साइज के 56 प्लॉट को बेचने के लिए निगम ने टेंडर जारी किया था। इसमें 12.50 बाई 30 साइज के 31 और 20 बाई 50 साइज के 22 प्लॉट थे। निगम ने इसके लिए 4500 रुपए वर्गफीट का रेट तय किया था। बोली के आधार पर किसी व्यापारी ने 4600 तो किसी ने 4700 रुपए वर्गफीट के हिसाब से जमीन खरीदी है। व्यापारियों के मुताबिक उन्होंने निगम को लगभग 90% से 95% राशि का भुगतान भी कर दिया है।

### करोड़ों खर्च के बाद भी परेशान हो रहे व्यापारी

इस पूरे प्रकरण में सबसे अधिक परेशान वह 22 व्यापारी हो रहे हैं जिनके प्लाट पर चार साल से विवाद चल रहा है। करोड़ों रुपए जमीन की रजिस्ट्री पर खर्च होने के बाद ही प्लाट का नामांतरण नहीं हो पा रहा है। निगम ने सीमांकन रिपोर्ट के आधार पर प्लाट सौंपी तो इन व्यापारियों ने 60 हजार रुपए खर्च कर सीमेंट के खंभे लगाए। ध्यान रहे कि निगम ने जब प्लाट बेचने के लिए टेंडर निकाला तो उस समय रेलवे की ओर से कोई आपत्ति नहीं की गई। खरीदारों ने जब जमीन खरीद ली और निगम को पैसे दे दिए, तब रेलवे ने इस जमीन पर अपना दावा किया और मौके पर खंभा लगा दिया गया। व्यापारियों राजेश गौर, प्रीति पाटनवार, पंकज भोजवानी, सोनू हिरवानी, ओमप्रकाश किंगरानी, वेदप्रकाश पाटनवार, कौशल्या गौर, प्राची दुहरानी ने बताया कि पूरे 56 प्लॉट में विवाद नहीं है। सिर्फ 20 बाई 50 के 22 प्लॉट में ही विवाद है।

### 26 हजार वर्गफीट जमीन अलाट का दावा

व्यापारियों को 45 लाख के करीब निगम में जमा करना था। इसमें से 35 लाख रुपए जमा कर दिए गए हैं। बाद में रेलवे और निगम के बीच जमीन को लेकर विवाद बढ़ा तो 10 लाख नहीं जमा किए गए। अब निगम का दावा है कि सीमांकन के बाद करीब 26 हजार वर्गफीट जमीन व्यापारियों को सौंप दी गई है। निगम ने रेलवे द्वारा लगाए गए खंभों को भी निकाल दिया और प्लाट विधिवत आबंटित कर दिया गया है। हालांकि व्यापारियों का कहना है कि प्लांट आबंटन के बाद सैकड़ों रुपए खर्च कर यहां मार्किंग के हिसाब से सड़क और प्लाट पर अपने खंभे गाड़े गए। इसकी जानकारी मिलते ही रेलवे की टीम पहुंची और इन खंभों को निकालकर अपने लोहे के खंभे फिर से लगा दिए। इस तरह रेलवे और निगम के विवाद के बीच व्यापारी पिछले चार सालों से उलझे हुए हैं।

### रेलवे और निगम के बीच विवाद सुलझा

सीमांकन आधार पर रेलवे और निगम के बीच विवाद को सुलझा लिया गया है। नापजोख करते हुए 22 व्यापारियों को उनकी जमीन वापस की गई है। जिन व्यापारियों ने राशि जमा नहीं की है उन्हें नोटिस दिया गया है।

- **खजांची कुम्हार**, अपर आयुक्त, नगर निगम

**32 बच्चे और 44 लोगों का चल रहा है सिम्स में इलाज, 13 लोगों को दी गई छुट्टी**

# फूड पाइजिनिंग के मरीजों की संख्या 76, सभी खतरे से बाहर

**शुक्रवार को तुर्काडीह के दूसरे परिवार में मिले 8 मरीज**


सिम्स में भर्ती फूड पाइजिनिंग के मरीज।


तुर्काडीह पहुंचकर ग्रामीणों से चर्चा करते सीएमएचओ।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

तुर्काडीह में फूड पाइजनिंग की वजह से दूसरे दिन भी 31 मरीज मिले। एक ही परिवार के 8 लोगों को भी उल्टी दस्त की शिकायत के बाद सीएमएचओ ने सिम्स रिफर कर दिया है। बताया जा रहा है कि क्षेत्र में 24 घंटे के भीतर 76 मरीज मिल चुके हैं। वहीं गुरूवार को भर्ती 13 मरीजों को सिम्स से छुट्टी दे दी गई है। खास बात यह है कि क्षेत्र में अभी भी मरीजों के मिलने का सिलसिला जारी है, ऐसे में मरीजों की संख्या बढ़ सकती है।

फूड पाइजिनिंग की चपेट में आने के कारण अबतक 76 लोगों को सिम्स में भर्ती किया गया है। तुर्काडीह गांव में एक साथ इतने मरीज मिलने से स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया है। गुरूवार के बाद शुक्रवार को सीएमएचओ डॉ. प्रमोद तिवारी भी तुर्काडीह पहुंचे और हालत का जायजा लिया। दरअसल बीते दो दिनों के भीतर तुर्काडीह गांव के 68 लोगों को उल्टी, दस्त और पेट दर्द के बाद इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है, इसमें से 13 लोग उल्टी दस्त से ठीक हो चुके हैं, लेकिन शुक्रवार को एक अन्य परिवार के 8 लोगों को भी उल्टी दस्त की शिकायत के बाद भर्ती कराने की नौबत आ चुकी है, बताया जा रहा है कि यह परिवार प्रभावित क्षेत्र से थोड़ी दूर है, लेकिन घर में नई बहू आने के बाद एक ही परिवार के लोगों ने बीती रात भोजन किया था, जिसके बाद शुक्रवार को उसकी तबीयत बिगड़ी है। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने सर्वे के दौरान इन मरीजों की जांच की और हालत बेकाबू देख उन्हें सिम्स रिफर कर दिया गया है।

### प्रबंधन ने लगाई डाक्टरों की ड्यूटी

इस मास कैजूवल्टी की सूचना पर डीन डॉ. रमणेश मूर्ति व अधीक्षक डॉ. लखन सिंह के निर्देशानुसार सीनियर डाक्टर डॉ. अमित ठाकुर, डॉ. जयपाल चंद्रवंशी, डॉ. आशुतोष कोरी, डॉ. जीएसकंवर तथा शिशुरोग विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. राकेश नहरेल, सीनियर डाक्टर डॉ. समीर जैन, अभिषेक कलवानी, डॉ. पूनम अग्रवाल की ड्यूटी लगाई गई है।

### 33 बच्चे भी शामिल

बताया जा रहा है कि दो दिनों के भीतर उल्टी दस्त की शिकायत लेकर 32 बच्चों को भी सिम्स में भर्ती किया गया है। मरीजों में 44 ऐसे है जिनकी उम्र 20 से 45 के बीच है। सभी मरीज खतरे से बाहर है, डाक्टरों का कहना है कि 2 से 3 दिन तक मरीजों को सिम्स में रखा जा सकता है।

### पहली बार मिले थे 13 मरीज

सिम्स के अधीक्षक डॉ. लखन सिंह ने बताया कि 13 मरीज उल्टी दस्त एवं हल्के बुखार के बाद सिम्स अस्पताल पहुंचे थे। इसके 2 घंटे बाद 7 बजे के आसपास 23 मरीज आए, जिसमें 13 बच्चों की खराब हालत थी, उन्हें आईसीसीयू में भर्ती किया गया। गुरूवार रात तक 58 मरीज सिम्स में भर्ती किए गए थे।

### शुक्रवार को आए 15 मरीज

शुक्रवार की शाम 4 बजे के आसपास तुर्काडीह से 15 मरीजों का उपचार के लिए लाए गए, जिसमें 2 मरीज को ओपीडी से दवा देकर वापस भेज दिया गया है। 13 मरीजों का इलाज जारी है। गुरूवार की रात नई बहु आने की खुशी में पारिवारिक भोज का आयोजन किया गया था।

**बाइक में आए थे 4 लुटेरे, पुलिस ने दर्ज किया मामला**

# बैंक में रकम जमा करने निकली युवती से अज्ञात चोरों ने की लूट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अपनी गाढ़ी कमाई को बैंक में जमा करने घर से निकली युवती लूट की शिकार हो गई। दिनदहाड़े 2 बाइक में आए 4 लूटरों ने पहले युवती के साथ मारपीट की और उससे 17 हजार रूपए लूट कर फरार हो गए। युवती ने इसकी शिकायत तारबहार थाने में की है।


प्रार्थी।

■ 12 खोली सिरगिट्टी की घटना

तारबहार पुलिस के अनुसार गोविंद नगर सिरगिट्टी निवासी वंदना निषाद पिता रमेश निषाद उम्र 25 वर्ष शुक्रवार की सुबह घर से 17 हजार रूपए लेकर निकली थी, वह सिरगिट्टी से 12 खोली सड़क पार कर रही थी, इस दौरान दो बाइक में उसका पीछा करते हुए 4 युवक आए और उसे जबरिया रोक लिया। इस दौरान उसके हाथ में रखे बैग की मांग करने लग, जब युवती ने बैग देने से मना किया तो उसमें से एक से बॉटल से युवती के सिर पर वार कर दिया। युवकों ने वंदना के साथ मारपीट करते हुए उसके कपड़े भी फाड़ दिए और 17 हजार रूपए लूट कर फरार हो गए। खास बात यह है कि दिनदहाड़े हुई इस घटना से युवती डर गई। आरोपी युवकों की का विडियो सीसीटीवी फुटेज में दिखाई दे रहा है। पुलिस के अनुसार आरोपियों की तलाश जारी है।

### तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से युवक घायल


आरोपी।

**बिलासपुर।** शुक्रवार की रात ट्रक ड्राइवर ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक सवार को रौंद दिया, जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। इलाज के लिए उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना सिविल लाइन क्षेत्र के भारतीय नगर चौक की है। शुक्रवार की रात 11 बजे व्यापार विहार से महाराणा प्रताप चौक की ओर बाइक्र क्रमांक सीजी, 10 एन-0416 का चालक आ रहा था। जिसे भारतीय नगर चौक के पास ट्रक क्रमांक एपी 39 वीएफ-3636 के चालक ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक को पीछे से टक्कर मार दी। इससे बाइक चालक गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक को लोगों ने व्यापार विहार स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसकी हालात नाजुक बनी हुई है। घटना के बाद ट्रक ड्राइवर गाड़ी के साथ महाराणा प्रताप चौक की तरफ भागने लगा, जिसे युवकों ने पीछा करते हुए पकड़ लिया। दुर्घटना की सूचना मिलते ही सिविल लाइन पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने दोनों गाड़ी को जब्त कर आरोपी ट्रक ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया है।


हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी
आवश्यकता है
यदि आप सुनहरे भविष्य के लिए कुछ करना चाहते हैं तो जुड़े हरिभूमि के साथ ऐसे युवक-युवतियों के लिए जो प्रिंट मीडिया, मार्केटिंग के कार्य क्षेत्र में अपना कैरियर बनाना चाहते हैं। मेहनती, उत्साही, योग्य एवं आकर्षक व्यक्तित्व वाले युवक-युवतियों की।
फील्ड एक्जीक्यूटिव-10 पद
वेतन+ इंसैंटिव, योग्यतानुसार
न्यूनतम योग्यता
♦ 10+2 वीं उत्तीर्ण ♦ अधिकतम आयु 40 वर्ष
♦ उचित निर्णय लेने में सक्षम हो
इच्छुक उम्मीदवार अपने बायोडाटा व पासपोर्ट साईज फोटो के साथ अतिशीघ्र संपर्क करें।
मिलने का समय
2.00 से 5.00 बजे तक
हरिभूमि
रिंगरोड नं. 2, गौरव पथ, बिलासपुर


# ड्रायफ्रूट की दुकान में लगी आग, लाखों का माल राख


आग बुझाने पहुंची दमकल लगी रही भीड़।

**बिलासपुर।** व्यापार विहार स्थित एक ड्रायफ्रूट की दुकान में शुक्रवार की सुबह भीषण आग लग गई। आसपास के लोगों ने इसकी जानकारी तारबाहर पुलिस और फायर ब्रिगेड को दी। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू पा लिया है।

पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। बताया जा रहा है शार्ट सर्किट की वजह से दुकान में आग लगी थी और इसकी चपेट में गोदाम पर रखा माल भी आग में राख हो गया।

व्यवसायी दीपक हर्जपाल व्यापार विहार में ड्राइ फ्रूट की भावेश इंड्रस्ट्रीज की दुकान व गोदाम चलाते हैं। शुक्रवार सुबह करीब सात बजे लोगों ने दुकान के ऊपर से धुआं निकलते देखा। आसपास लोगों ने तत्काल व्यापारियों को इसकी सूचना दी। साथ ही फायर ब्रिगेड और पुलिस को घटना की सूचना दी गई। जब तक फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची तब तक आग विकराल रूप ले चुकी थी। दुकान और ऊपरी मंजिल पर बना गोदाम पूरी तरह आग की चपेट में आ गया था। दुकान संचालक दीपक हर्जपाल ने बताया कि गोदाम में बड़ी मात्रा में ड्राय फ्रूट्स और अन्य सामान रखा हुआ था। दुकान और गोदाम में लाखों का सामान रखा था। आग की वजह से पूरा माल जल गया है।

### दमकल कर्मियों ने की मशक्कत

भावेश ट्रेडर्स में आग लगने की जानकारी मिलते ही आसपास के व्यापारी भी अपनी दुकान में पहुंच गए। उन्होंने अपनी दुकानों से सामान निकालना शुरू कर दिया था। इधर फायर ब्रिगेड की टीम ने मोर्चा संभालते हुए आग पर काबू पा लिया, इस दौरान दमकल कर्मियों को खासी मशक्कत भी करनी पड़ी।

## प्लेटिनम बार के शेड में लगी आग



महाराणा प्रताप चौक के नजदीक प्लेटिनम बार के शेड में शुक्रवार की दोपहर अचानक आग लग गई। शार्ट सर्किट की वजह से पास के शेड पूरी तरह जल गया। दमकल की मदद से आग पर काबू पा लिया गया। सिविल लाइन टीआई एसआर साहू ने बताया कि प्लेटिनम बार के शेड में आग लगने की घटना की शिकायत मिली है। कर्मचारियों ने इसकी सूचना थाने में भेजवाई है। उन्होंने कहा कि घटना में कुर्सी टेबल और पंखे भी जल गए है।बताया जा रहा है कि दमकम ने आग पर काबू पा लिया था, किसी जान माल का नुकसान नहीं हुआ है। शनिवार को मौके का निरीक्षण कर तस्दीक की जाएगी।

# हैदराबाद की एग्रोटेक कंपनी के जीएम का मिला शव, पुलिस जांच में जुटी

**बिलासपुर।** कंपनी के काम के सिलसिले में हैदराबाद से रायपुर होते हुए बिलासपुर आए एग्रोटेक कंपनी के जनरल मैनेजर की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। मृतक का शव रेड डायमंड होटल के स्वीमिंग पुल में मिला है। शव को तोरवा पुलिस ने कब्जे में लेकर विवेचना शुरू कर दी है। शुक्रवार को मृतक के परिजनों के आने के बाद सिम्स में पीएम कराया गया है।



तोरवा पुलिस के अनुसार हैदराबाद के मौलाली क्षेत्र के जवाहर नगर कालोनी निवासी मोहम्मद फारूख हुसैन एग्रोटेक कंपनी में जनरल मैनेजर है। वे कंपनी के काम के बिलासपुर पहुंचे थे। गुरूवार को वो तोरवा स्थित रेड डायमंड होटल में रूके थे। आसपास के लोगों ने बताया कि रात 9 बजे वे स्वीमिंग पुल में नहाने गए थे, इस दौरान पानी में डुबने की वजह से उनकी मौत हो गई। रात में ही होटल प्रबंधन ने तोरवा पुलिस को सूचना दी और पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर कार्रवाई तेज कर दी। शुक्रवार को मृतक हुसैन के शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। मृतक की मौत के कारणों का पता नहीं लग सका है, फिलहाल पीएम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है। मृतक मोहम्मद फारूख हुसैन कंपनी में जनरल मैनेजर के पद पर थे, ऐसे में उनके साथ हैदराबाद से एक कर्मचारी भी आया हुआ है लेकिन घटना के समय वह अन्य होटल में रूका था। उसके साथ रायपुर से आया ड्राइवर भी रूका हुआ था।


हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052, 8770748558
9754160620, 9691735152


# प्रभारी सहायक आयुक्त मिश्रा को भेजा गया फरसाबहार

**बिलासपुर।** आदिम जाति विकास विभाग ने बिलासपुर के ट्राइबल डिपार्टमेंट में पदस्थ श्रीमती शोभा दामोदर मिश्रा को फरसाबहार के लिए रिलीव किया है। आकांक्षा पटेल को बिलासपुर का प्रभार दिया गया है। विभाग के अवर सचिव द्वारा जारी आदेश के अनुसार श्रीमती शोभा मिश्रा जनपद में मुख्य कार्यपालन अधिकारी हैं। वे यहां सहायक आयुक्त कार्यालय में संलग्न थीं, उन्हें सहायक आयुक्त का प्रभार दिया गया था। इस कार्यालय में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत का कोई पद रिक्त नहीं है, इसलिए उनका वेतन आहरण फरसाबहार जिला जशपुर से किया जा रहा था। नए आदेश में उन्हें जनपद पंचायत फरसाबहार के लिए रिलीव कर दिया गया है। उनके स्थान पर रायगढ़ सहायक आयुक्त कार्यालय की सहायक संचालक सुश्री आकांक्षा पटेल को प्रभार दिया गया है। दोनों अधिकारियों को नई पदस्थापना के लिए तत्काल प्रभाव से भार मुक्त किया गया है।

■ आकांक्षा होंगी नई प्रभारी


स्वामी जी-93406-38884
ज्योतिर्लिंग
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री भेंट द्वारिका, सोमनाथ, नागेश्वर, ओमकालेश्वर, महाकालेश्वर, भीमाशंकर, घृष्नेश्वर, ममलेश्वर, रूखमणि मंदिर, गोपी तालाब, त्रयम्बकेश्वर, शिरडी सांई बाबा, शनि सिंघ्नापुर, नाशिक,
यात्रा दिनांक
04 जून 2025
26 जुलाई 2025
13 अगस्त 2025
10 सितंबर 2025
11 दिन की यात्रा
राशिः स्लीपर- 18,501/-, 3AC-28,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866, 82757-57579
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)



online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
23 मई, 06 जून, 25 जुलाइ,14 अगस्त, 11 सितम्बर, 03 अक्टूबर 2025 (8 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप, काठमांडू दरबार), पशुपतिनाथ, जनकपुर (सीता मैया का जन्म स्थान), सीतामढ़ी, बनारस (काशी विश्वनाथ मंदिर)
राशिः-स्लीपर 9,500/-, 3 एसी 16,500/-, 2 एसी 22,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

25-APR--REGNOL--pg-4 ALTAR_Layout 1 4/26/2025 12:28 AM Page 1



**खबर संक्षेप**

## खनिजों का अवैध परिवहन करते तीन वाहन जब्त



**गौरेला।** कलेक्टर लीना कमलेश मंडावी के निर्देशानुसार जिले में खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण के खिलाफ लगातार सख्ती बरती जा रही है। इसी कड़ी में शुक्रवार को रेत के 2 ट्रैक्टर ट्राली एवं ईंट मिट्टी के 1 टीपर पर खनिज अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई। निरीक्षण के दौरान खनिजों का अवैध परिवहन करते पाए जाने पर खनिज अमले ने वाहन चालक लखन लाल निवासी से वाहन जब्त कर थाना गौरेला में रखा गया।

## नवोदय विद्यालय के अभिभावक प्रतीक्षालय का लोकार्पण



**मल्हार।** जवाहर नवोदय विद्यालय मल्हार में अदाणी फाउंडेशन चिल्हाटी की ओर से विद्यालय परिसर में अभिभावकों के लिए निर्मित अभिभावक प्रतीक्षालय का निर्माण किया गया है, जिसका लोकार्पण विद्यालय के प्राचार्य एवं मुख्य अतिथि मनोज श्रीवास्तव ने शुक्रवार को किया। इस अवसर पर प्राचार्य एवं मुख्य अतिथि श्रीवास्तव का माइंस मैनेजर संदीप राठौर ने स्वागत किया। उन्होंने आवासीय विद्यालय के विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों की मनोस्थिति के साथ-साथ विद्यार्थी एवं पालकों के संपर्क के महत्त्व पर प्रकाश डाला। साथ ही प्राचार्य ने आगंतुक अभिभावकों के लिए निर्मित आश्रय कि आवश्यकता एवं सार्थकता बताते हुए सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में अदाणी फाउंडेशन से सुमित साहू, प्रीतम चौधरी एवं विद्यालय के सभी विद्यार्थी और शिक्षक उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन सीपीसाहू ने किया।

## आदिवासी सम्मेलन में शामिल हुए पूर्व डिप्टी सीएम सिंहदेव



**लोरमी।** लोरमी के समीप शहीद वीर नारायण सिंह स्टैडियम ढोलगी में आदिवासी सम्मेलन आयोजित किया गया, जिसमें पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता बिंद्रा नवागढ़ विधायक जनक ध्रुव ने की। इस अवसर पर श्री सिंहदेव ने कहा कि आदिवासी समाज बहुत ही सभ्य समाज है एवं आदिवासी आदि काल से निवास करने वाले हैं। उन्होंने कहा कि प्रकृति को संजोकर रखने में आदिवासी समाज की बहुत महत्वपूर्ण भूमिका है। कार्यक्रम के अध्यक्ष विधायक जनक ध्रुव ने शिक्षा के महत्व को बताते हुए कहा कि शिक्षा से आदिवासी समाज बड़ा मुकाम हासिल कर सकता है। इस अवसर रामजी ध्रुव, टीआरध्रुव, युवराज पवन दास, दयाराम ध्रुव, सुरज कोल, देवा मार्को, संदीप मरावी, रामेश्वर ध्रुव, भागवत ध्रुव, शिवकुमार ध्रुव, कृष्णा ध्रुव, राजू नेताम, विनय ध्रुव, रामा नेताम, जिलाध्यक्ष घनश्याम वर्मा, थानेश्वर साहू, संजय ध्रुव, रानू मरावी, पुष्पा ध्रुव, महेंद्र जगत, सहित बड़ी संख्या में आदिवासी समाज के लोग उपस्थित रहे।

## पिनाकी शोभा हॉस्पिटल में रक्तदान शिविर का आयोजन



**गौरेला।** पिनाकी शोभा हॉस्पिटल एवं मैटरनिटी केयर में शुक्रवार को लहसिया देव फाउंडेशन एवं लिनिश क्लब संस्कृति की ओर से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ रामेश्वर शर्मा एवं नपा अध्यक्ष मुकेश दुबे तथा उपाध्यक्ष रोशनी तापस शर्मा ने किया। आयोजन को सफल बनाने में पिनाकी हॉस्पिटल के अधीक्षक डॉ केके ध्रुव, डॉ पवन के सिंह, डॉ राहुल एवं डॉ अवधेश की सक्रिय भूमिका रही। साथ ही कार्यक्रम में लहसिया देव फाउंडेशन की अध्यक्ष बबिता सिंह यादव तथा लिनेश क्लब संस्कृति की अध्यक्ष मोनी चट्टोपाध्याय, ज्योति दूबे, सुषमा कुमार, डॉ सुषमा बिस्वास, शिखा राव, सरिता अग्रवाल, मंजू अग्रवाल, विनती साहू का सराहनीय सहयोग रहा।

## कुरुक्षेत्र ले जाकर नाबालिग के साथ दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

**पथरिया।** पथरिया थाना प्रभारी रघुवीर चंद्रा ने बताया कि प्रार्थी ने थाने में शिकायत दर्ज कराई गई कि 11 अप्रैल को उसकी नाबालिक लड़की घर से बिना बताए कहीं गायब हो गई है। शिकायत पर पुलिस ने बीएनएस की धारा 137(2) के तहत अपराध दर्ज कर नाबालिक की तलाश शुरू की। विवेचना के दौरान पता चला की नाबालिक को पदमपुर जरहागांव निवासी गुजराज डाहिरे पिता रामबहोरिक उम्र 20 वर्ष ने नाबालिक को भगाकर हरियाणा के कुरुक्षेत्र ले गया है एवं अभी दोनों वहीं हैं। सूचना पर एक्शन लेते हुए पुलिस की टीम तत्काल कुरुक्षेत्र के लिए रवाना हुई एवं नाबालिग लड़की सहित आरोपी को पथरिया थाने लाया गया। पुलिस ने बताया कि आरोपी शादी का झांसा देकर नाबालिग से लगातार शारीरिक संबंध बनाता रहा। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 87,65(1) एवं 4,6 पॉक्सो एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।



### कलेक्टर ने ली अधिकारियों की बैठक, आवेदनों की प्रगति की हुई समीक्षा

# अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं और सेवाओं का लाभ पहुंचाना शासन की प्राथमिकता

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

कलेक्टर कुन्दन कुमार ने शुक्रवार को जिला कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभाकक्ष में अधिकारियों की बैठक लेकर सुशासन तिहार अंतर्गत प्राप्त आवेदनों की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सुशासन तिहार के तहत प्राप्त समस्त आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण और प्रभावी निराकरण सुनिश्चित किया जाए।

उन्होंने विकासखण्ड, नगरीय निकाय और विभागवार प्राप्त आवेदनों एवं उनके निराकरण की स्थिति की समीक्षा की। कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं और सेवाओं का लाभ पहुंचाना है। सुशासन का तात्पर्य केवल योजनाओं के क्रियान्वयन से नहीं, बल्कि जनविश्वास अर्जित करने से है।

कलेक्टर ने सभी प्राप्त आवेदनों का फील्ड में जाकर सत्यापन करने और प्रतिवेदन तैयार करते हुए ही निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यदि किसी कारणवश आवेदन का निराकरण संभव नहीं हो पा रहा है, तो संबंधित आवेदक को स्पष्ट कारण अवश्य बताया जाए, ताकि उसे अनावश्यक रूप से कार्यालयों का चक्कर न लगाना पड़े। उन्होंने अधिकारियों से आवेदनों की नियमित निगरानी एवं क्रॉस चेक कर संतोषजनक निराकरण सुनिश्चित करने को कहा। राजस्व प्रकरणों के त्वरित निपटारे हेतु सभी तहसीलदारों को विशेष कोर्ट आयोजित करने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों से मुख्यालय में उपस्थित रहकर अनुशासन के साथ कार्य करने और मुंगेली को राज्य में सुशासन तिहार के अंतर्गत नंबर एक स्थान दिलाने के लिए पूर्ण समर्पण के साथ कार्य करने प्रोत्साहित किया। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रभाकर पांडेय ने बताया कि 5 मई से 31 मई 2025 तक जिले के विभिन्न ग्रामों में समाधान शिविरों का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए 15-15 ग्रामों के क्लस्टर बनाए गए हैं। तिहार के सुचारु संचालन हेतु जिला एवं ब्लङ्कक स्तर पर नोडल और सहायक नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। बैठक में बताया गया कि सुशासन तिहार के अंतर्गत कुल 1 लाख 21 हजार 943 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें से 20 हजार 5 सौ 99 आवेदनों का निराकरण किया जा चुका है। शेष आवेदनों का विभागवार निराकरण जारी है। बैठक में अतिरिक्त कलेक्टर निष्ठा पाण्डेय तिवारी, अपर कलेक्टर जीएल यादव, डिप्टी कलेक्टर अजय शतरंज सहित सभी संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।



अधिकारियों की बैठक लेते कलेक्टर।

### 9 गंभीर रूप से बीमार बच्चों को इलाज के लिए भेजा गया रायपुर

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत संचालित राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत हृदय एवं नेत्र संबंधी बीमारियों से ग्रसित जिले के 9 गंभीर रूप से बीमार बच्चों को रायपुर के विशेषज्ञ चिकित्सालय में निशुल्क उपचार के लिए भेजा गया। कलेक्टर कुन्दन कुमार ने कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभाकक्ष में बच्चों को गुलाब के फूल, खिलौने एवं चॉकलेट भेंट कर रायपुर रवाना किया। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रभाकर पाण्डेय, अपर कलेक्टर जीएल यादव सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर श्री कुमार ने कहा कि गंभीर बीमारियों से ग्रसित बच्चों को समय पर उपचार उपलब्ध कराना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि समय पर ईलाज से बच्चों का शारीरिक और मानसिक विकास बेहतर ढंग से हो सकेगा। इस दिशा में बेहतर समन्वय और निगरानी के लिए डिप्टी कलेक्टर अजय शतरंज को जिला स्तरीय नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ प्रभात चन्द्र प्रभाकर ने बताया कि हाल ही में जिले के विभिन्न स्कूलों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों में विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा मेगा स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया था. जिसमें इन बच्चों का चयन किया गया।



## पहलगाम आतंकवादी हमले के मृतकों को दी गई श्रद्धांजलि



**पथरिया।** जम्मू कश्मीर के पहलगाम में कट्टर आतंकवादियों द्वारा 28 बेगुनाहों की निर्मम हत्या के विरोध में नगर पंचायत पथरिया में हिन्दू समाज के साथ, नगर के वरिष्ठ नागरिक, युवाओं और जनप्रतिनिधि, विभिन्न संगठनों के कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया। साथ ही दीप जलाकर एवं 2 मिनट का मौन धारण कर मृतकों को विन्नम श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

इस अवसर पर नगरवासियों ने आतंकवाद का कड़ा विरोध किया और केंद्र सरकार से जल्द से जल्द कार्रवाई करने की मांग की। नपा उपाध्यक्ष मनोज पांडेय ने कहा कि नवविवाहित जोड़ों को धर्म पूछ कर मारा गया है, इससे मन व्यथित हुआ है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत एक शक्तिशाली देश बन चुका है, इसलिए आतंकवदियों और उसके आकाओं को बहुत जल्द मिट्टी में मिला दिया जाएगा। विधायक प्रतिनिधि रघु वैष्णव ने आतंकवादी हमले में मरने वालो के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि पाकिस्तानी आतंकवादियों को मुंहतोड़ जवाब देना होगा, जिससे ऐसी घटना दोबारा न घटे। पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष जसपाल छबड़ा ने कहा कि कश्मीर से कन्याकुमारी तक इस घटना को लेकर दुख और आक्रोश है। अब आतंकवाद को जड़ से उखाड़ने का समय आ गया है, जो निश्चित ही होकर रहेगा। इस अवसर पर भाजपा नेता रघुनन्दन कर्माकर, गणेश सोनी, भावेश गुप्ता, मेला राम डनसेना , इंद्रजीत यादव, ओमू दिवान, रविन्द्र बघेल, अमित बंजारे, योगानन्द साहू, सोनू यादव, महेंद्र गुप्ता, शिव जायसवाल, समाजिक कार्यकर्ता अजय यादव, अजय निर्मलकर, कुशल यादव, सूरज जायसवाल, प्रवीण वर्मा, सोहन साहू, निरंजन चतुर्वेदी सहित संघ के स्वयंसेवक कार्यकर्ता और नगर के व्यवसायी उपस्थित रहे।

## स्टार्स ऑफ टुमॉरो ने निकाला कैंडल मार्च




**मुंगेली।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विरोध में शुक्रवार को सामाजिक संस्था स्टार्स ऑफ टुमॉरो वेलफेयर सोसायटी ने शांतिपूर्ण कैंडल मार्च का आयोजन किया। यह मार्च महाराणा प्रताप चौक से प्रारंभ होकर सवर्ण स्तंभ, पुराना बस स्टैंड पहुंचा, जहां बड़ी संख्या में शहरवासियों ने एकत्र होकर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर समाज सेविका विभा मसीह, पूर्व सरपंच संघ जिला अध्यक्ष रणजीत सिंह प्रतिष्ठित व्यवसायी संतोष सोनी, हेमंत वैष्णव संस्था के संयोजक रामपाल सिंह, सहसयोंजक रामशरण यादव, अध्यक्ष महावीर सिंह, सचिव विनोद यादव, कोषाध्यक्ष धनराज परिहार, दिनेश गोयल, सतपाल मक्कड़, गोखलेश सिंह, विकास जैन, दीपक जैन, श्रेणिक पारेख, आशीष सोनी, अनीश जैन, नीलेश केशरवानी, गिरीश सुथार, रणवीर सिंह, अनुराग सिंह, कोमल चौबे, सुनील वाधवानी, रघुराज सिंह, नागेश साहू, पप्पू शर्मा, राहुल मल्लाह, पवन यादव, श्रेयांश बैद, वैभव ताम्रकार, चित्रकान्त सिंह, रवि साहू, आर्या सिंह, दिलबाग सिंह, श्रीओम सिंह, धीरज लोढ़ा, सुरेश यादव, अमित साहू, देवेंद्र सिंह, परमेश्वर देवांगन सहित नगर के अनेक जागरूक और संवेदनशील नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सभी ने मोमबत्तियां जलाकर शहीदों की आत्मा की शांति हेतु प्रार्थना की और आतंकवाद के खिलाफ अपनी एकजुटता का परिचय दिया।

## जलयात्रा, हवन व भंडारा के साथ नवधा रामायण का संपन्न

**दगोरी।** श्री अखंड नवधा रामायण समिति द्वारा समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से लगातार 17वें वर्ष अखंड नवधा रामायण का आयोजन ग्राम के गुड़ी बजरंग चौक में किया गया, जिसका समापन जलयात्रा, हवन, सहस्त्रधारा व भंडारा के साथ हुआ। आचार्य पं राजा चौबे, पं ईश्वर तिवारी ने विधिवत घट स्थापना, पूजन दीप प्रज्वलन के साथ अखंड नवधा रामायण समारोह का शुभारंभ किया। हजारों की संख्या में उपस्थित रहकर भक्तों ने मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम की कथा का रसपान किया। इस दौरान 180 मानस मंडलियों ने अपनी उपस्तिथि दर्ज कराकर प्रभु रामचंद्र की कथा का संगीतमय गायन कर लोगों को मंत्रमुग्ध कराया। कार्यक्रम को सफल बनाने में श्रवण कौशिक, बजरहा निषाद, राधेश्याम कौशिक, घनश्याम कौशिक, नरेंद्र सन्नाट, दशरथ सन्नाट, गंगा निर्मलकर, दर्शन लाल कौशिक, श्यामता सन्नाट, हरिराम साहू, परमेश्वर कौशिक, जगदीश साहू, बिंदा निषाद, मथुरा निषाद, रामेश्वर सन्नाट, छन्नूराम निषाद, बेसाखू राम, श्याम सुंदर सन्नाट, रामावतार यादव गुरुजी, विष्णु कश्यप, नैन दाश मानिकपुरी, मनहरण कौशिक, बलदाऊ कौशिक, बलदाऊ कौशिक, द्वारिका कौशिक, दिलीप ध्रुव, गायाराम, भागवत जायसवाल, बहोरीक साहू, गोलू कौशिक, प्रमोद सन्नाट, रविशंकर, श्याम कौशिक, हरिराम कौशिक, बालाराम, मनीराम साहू, संतराम पारकर, भागीरथी निषाद, संतराम ध्रुव, रामकुमार ध्रुव, द्वारिका कौशिक, टीकू साहू, दयाराम नेष्टो, दुजराम पंडा, रामचरण केवट, मनमोहन कौशिक, राधेश्याम साहू, सालिकराम साहू, अमरसिंह, राजकुमार ध्रुव, बिरेंद्र कौशिक, हरिश्चंद्र कौशिक सहित ग्राम के सरपंच मथुरा भरद्वाज, ग्राम पटेल ज्वाला प्रसाद सन्नाट, जनपद सभापति राजकुमार साहू सहित पंचजम व नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष व विधायक धरम लाल कौशिक, पूर्व विधायक सियाराम कौशिक, पूर्व मंडी अध्यक्ष राजेंद्र शुक्ला, जिला पंचायत सभापति यादव, जिला पंचायत सदस्या अनिता शुक्ला, जनपद अध्यक्ष डा रामकुमार कौशिक, बृजभूषण वर्मा इत्यादि ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराकर मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री रामचंद्र जी कथा का रसपान किया।



## जिला जल अभाव ग्रस्त क्षेत्र घोषित नलकूप खनन पर प्रतिबंध

हरिभूमि न्यूज ⏭ गौरेला

ग्रीष्म ऋतु में पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए छत्तीसगढ़ पेयजल परीरक्षण अधिनियम 1986 में प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए कलेक्टर लीना कमलेश मंडावी ने संपूर्ण जीपीएम जिले को 8 अप्रैल से आगामी आदेश तक जल अभाव क्षेत्र घोषित कर दिया है। इस अवधि में पेयजल के अलावा अन्य प्रयोजनों के लिए सक्षम अधिकारी की पूर्वानुमति के बिना कोई नया नलकूप खनन नहीं किया जा सकेगा।

■ नलकूप खनन की अनुमति के लिए समिति का गठन

इस संबंध में जारी आदेश में कहा गया है कि लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को सम्पूर्ण जिले में तथा नगरपालिका परिषदों व नगर पंचायतों को केवल पेयजल के लिए अपने नगरीय निकाय की सीमा के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र में नलकूप खनन हेतु अनुमति की आवश्यकता नहीं होगी, लेकिन उन्हें केवल इस अवधि में खनन कराए गए नलकूपों की जानकारी प्राधिकृत अधिकारी को भेजना होगा। कलेक्टर ने नलकूप खनन हेतु अनुमति प्रदान करने के लिए अतिरिक्त कलेक्टर को प्राधिकृत अधिकारी नियुक्त करते हुए उनकी अध्यक्षता में दो सदस्यीय समिति का गठन किया गया है। राजस्व अनुभाग पेण्ड्रारोड कार्यक्षेत्र के लिए अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पेण्ड्रारोड और राजस्व अनुभाग मरवाही कार्यक्षेत्र के लिए अनुविभागीय अधिकारी राजस्व मरवाही को नलकूप खनन संबंधी अनुमति के लिए प्राधिकृत अधिकारी बनाया गया है। नलकूप खनन की अनुमति हेतु संबंधित अनुविभागीय अधिकारी राजस्व के कार्यालय में दो रूपए का शुल्क जमा कर कार्यालयीन समय में आवेदन पत्र प्राप्त किया जा सकता है। निर्धारित आवेदन पत्र में आवश्यक दस्तावेज एवं जानकारी के साथ आवेदन जमा करना होगा। प्राधिकृत अधिकारी द्वारा दस दिन के भीतर छानबीन कर अनुमति प्रदान की जाएगी। आदेश में कहा गया है कि यदि किसी व्यक्ति या एजेंसी द्वारा बिना अनुमति के नलकूप खनन करना पाया जाता है, तो उसके विरूद्ध नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

## रजक समाज ने अर्पित की श्रद्धांजलि



**तखतपुर।** रजक समाज परिक्षेत्र लमेर के नवीन पदाधिकारियों ने कश्मीर के पहलगाम में आतंक हमले में मारे गए निर्दोष हिंदुओं को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर अध्यक्ष दुजराम रजक, सचिव विजय रजक, कोषाध्यक्ष रिखीराम रजक, मीडिया प्रभारी सूरज रजक संरक्षक सखाराम रजक, नारायण रजक,रिखीराम रजक, इतवारी रजक, राजेश रजक, सालिकराम रजक, मोतीराम, श्रवण, मुन्ना, राकेश, श्रवण आदि उपस्थित रहे।

## मुस्लिम विकास मंच ने निकाला कैंडल मार्च

**गौरेला।** कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों ने मंगलवार को 28 बेगुनाहों की निर्मम हत्या कर कश्मीर घाटी की शांत फिजा को एक बार फिर से अशांत कर दिया है। इसलिए आतंकवादियों को सीधे फांसी देनी चाहिए एवं आतंकवाद को जड़ से खत्म करना चाहिए। यह बात मुस्लिम विकास मंच जिला अध्यक्ष असद सिद्दीकी ने पहलगाम आतंकी हमले के मृतकों को श्रद्धांजलि देने के दौरान कही। इससे पहले मुस्लिम विकास मंच ने शाम को रेल्वे ग्राउंड से संजय चौक तक कैंडल मार्च निकाला एवं आतंकवाद का पूतला फूंका। इस अवसर पर मुस्लिम मंच के आतंकवादियों को फांसी देने राष्ट्रपति के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। कार्यक्रम का संचालन मुस्लिम विकास मंच के संरक्षक निसार अहमद ने किया। कैंडल मार्च में हाजी जुबेर नियाजी, मीडिया प्रभारी रईस खान, सोशल मीडिया प्रभारी सोहेल आलम, सलीम कुरैशी, सहसचिव वसीम खान, नवाब खत्री, फारुख हुसैन, सिराज खान, गुलाम गौस, अनीस अंसारी, अफसर खान, नौशाद राईन, जमील राईन, नफीस खान, अशफाक मंसूरी, यासर मंसूरी, नफीस अंसारी, शब्बीर हुसैन, जावेद खान सहित मुस्लिम समाज के अन्य लोग उपस्थित थे।

## व्यापारी महासंघ किया आतंकियों का पुतला दहन

**तखतपुर।** पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विरोध में व्यापारी महासंघ ने गांधी चौक के पास आतंकियों का पुतला जलाकर आक्रोश प्रकट किया। व्यापरी महासंघ अध्यक्ष अनिल सिंह ठाकुर ने कहा कि पहलगाम में निर्दोष यात्रियों पर आतंकवादियों ने गोली बरसाई है, यह अत्यंत हृदय विदारक है। सभी आतंकवादीयों को कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए, ताकि यह दुनिया के लिए एक सीख बन सके।

पार्षद मुन्ना श्रीवास ने कहा कि आंतकियों की इस कायराना करतूत से पूरे देश में आक्रोश व्याप्त है। आंतकी जहां भी हों उन्हें बाहर निकालकर कड़ी से कड़ी सजा दी जाए। इसके पहले व्यापारियों ने हमले में मृतकों की आत्मा की शांति के लिए श्रद्धांजली दी एवं आतंकियों का पुतला दहन किया। इस अवसर पर किशन सचदेव, बिहारी देवांगन, अजय देवांगन, सुरेश ठाकुर, कोमल ठाकुर, सुदीप गोयल, हरीश राजपूत, लव पाण्डेय, चंद्रकांत द्विवेदी, ज्ञानू देवांगन, गुरचरण सिंह बग्गा, टेकचंद कारड़ा, आदित्य अग्रवाल, नर्मदा धुरी, मनोज सोनी, नीलेश पाण्डेय, प्रमोद सिंघानिया, लोरी सोनी, आयुष ठाकुर, शरद देवांगन, राजेश अग्रवाल, राजकुमार यादव, आशीष सग्गर सहित अन्य उपस्थित रहे।



## श्रीवास समाज ने मनाई सेनजी महराज की जयंती

**तखतपुर।** सेनजी महराज की जयंती पूरे देश में धूमधाम से मनाई जा रही है, इसी क्रम में शुक्रवार को तखतपुर श्रीवास समाज ने अपने समाजिक भवन में सेनजी महाराज की पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर उपस्थित वरिष्ठजनों का शाल व श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया एवं साथ ही सर्व सेन नाई समाज के प्रदेश अध्यक्ष पुनीत सेन के संदेशों का पठन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पार्षद मुन्ना श्रीवास ने कहा कि सेनजी महराज ने अपने पूरे जीवन समाज सुधार और लोगों की सेवा में व्यतीत कर दिया। वे हमेशा से ही लोगों को यह सीख देते रहे कि व्यक्ति का जीवन परोपकार और भलाई के लिए ही है। इस अवसर पर दिलीप श्रीवास, रामसहाय, शत्रुघ्न, बलराम आनंद, जगदीश, विनोद, संजय, नानू, सुरेश, संजय श्याम सोनू, संजय रंजीत, दिलीप अजय, सुरज अनूप, मनीष श्रीवास सहित अन्य उपस्थित रहे।



### जीपीएम जिले के नए एसपी एसआर भगत ने किया पदभार ग्रहण

# कानून व्यवस्था सुदृढ़ करना, जनता से सीधा संवाद प्राथमिकता: भगत

हरिभूमि न्यूज ⏭ जीपीएम

जीपीएम। जिले के नवपदस्थ एसपी एसआर भगत ने शुक्रवार को औपचारिक रूप से पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर एसपी कार्यालय में पुलिस के जवानों ने उन्हें सलामी दी।

पदभार ग्रहण करने का बाद उन्होंने जिले के समस्त पुलिस अधिकारियों की बैठक ली, जिसमें जिले की वर्तमान कानून-व्यवस्था, अपराधों की स्थिति और प्रशासनिक गतिविधियों की विस्तृत जानकारी ली गई। इसके बाद श्री भगत ने मीडिया से संवाद करते हुए जिले की प्राथमिकताओं को लेकर अपनी स्पष्ट कार्ययोजना साझा की। उन्होंने कहा कि जीपीएम जिले में सुख-शांति बनाए रखना मेरा मुख्य प्रयास रहेगा।



### यातायात व्यवस्था में सुधार की योजना

श्री भगत ने जिले में अव्यवस्थित यातायात पर चिंता जताते हुए कहा कि यातायात को सुव्यवस्थित करने हेतु शीघ्र कार्य योजना तैयार कर उस पर अमल किया जाएगा।

### चोरी की घटनाओं को लेकर जनता से अपील

उन्होंने जिले में बाइक चोरी और सामान्य चोरी की घटनाओं का उल्लेख किया एवं आम जनता से अपील करते हुए कहा कि वे सीसीटीवी कैमरे लगवाकर अपने स्तर पर सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करें। साथ ही अपने इलाके में संदिग्ध गतिविधियों की सूचना पुलिस को दें।

### कम्युनिटी पुलिसिंग को प्राथमिकता

एसपी श्री भगत ने कहा कि आम जनता से सीधा संवाद और उनकी समस्याओं का त्वरित निराकरण मेरी पहली प्राथमिकता में शामिल होगा। उन्होंने भरोसा दिलाया कि हर पीड़ित की बात को गंभीरता से सुना जाएगा और न्याय दिलाने के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे।

### जिले की सुरक्षा में कोई ढिलाई नहीं

एसपी ने कहा कि जीपीएम जिला प्रदेश का सीमांत जिला है, इसलिए इसकी सुरक्षा व्यवस्था को लेकर ज्यादा सतर्कता बरती जाएगी। उन्होंने कहा कि सीमा पर निगरानी को और मजबूत किया जाएगा ताकि किसी भी तरह की आपराधिक गतिविधियों पर नियंत्रण रखा जा सके।

### नए थानों और चौकियों के लिए प्रस्ताव

वर्तमान में जिले में तीन थाने और दो पुलिस चौकियां है। बढ़ती जनसंख्या और विस्तार को देखते हुए जिले में अधिक थाने और चौकियों की आवश्यकता पर बल देते हुए उन्होंने बताया कि इस संबंध में शासन को प्रस्ताव भेजा गया है। एसपी श्री भगत ने कहा कि हमारी पूरी कोशिश होगी कि जिला अपराध मुक्त हो। जो भी कमियां होंगी, उन्हें पूरा कर बेहतर पुलिसिंग मॉडल तैयार किया जाएगा। शासन के निर्देशों के अनुरूप हर कदम पर कार्य किया जाएगा।

## राज्यपाल को आदिवासी समाज की मांगों से कराया गया अवगत

**सरगांव।** सर्व आदिवासी समाज के युवा प्रभाग के अध्यक्ष सुभाष परतें ने राजभवन रायपुर में राज्यपाल रमेन डेका से मुलाकात कर उनको समाज की 23 सूत्रीय संवैधानिक मांगों से अवगत कराया। इस पर राज्यपाल ने मांगों को पूरा कर आदिवासी समाज के हित में काम करने व समाज का भला करने हर संभव प्रयास करने का आश्वासन दिया। आदिवासी समाज के अध्यक्ष सुभाष परतें ने राज्यपाल से हुई चर्चा को समाज के लिए सकारात्मक बताते हुए कहा कि राज्यपाल संवैधानिक रूप से पांचवी अनुसूची क्षेत्र के प्रमुख संरक्षक होते हैं एवं उनके पास असीमित आदिवासी क्षेत्र के लिए संवैधानिक अधिकार होते हैं। उन्होंने इस अवसर पर अनुसूचित क्षेत्र में हो रहे अवैध अतिक्रमण व जंगल की अवैध कटाई व शासन-नक्सली वार्ता में शांति की पहल हेतु समाज के प्रमुखों को भी सम्मिलित करने की मांग रखी।

